


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,रविवार 7 अप्रैल 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-009 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

**रायपुर,7 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला है. सुबह से ही प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों पर बदली छाई हुई है और तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश भी हुई है. भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम से आम लोगों को आज थोड़ी राहत मिली है. वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना जताई है. मौसम विभाग का संभावना जताई है कि अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, तत्पश्चात अगले 03 दिनों में कई स्थानों पर 03-05 डिग्री की गिरावट संभावित है. 7 अप्रैल से दो तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में मेघगर्जन के साथ वज्रपात, वर्षा और तेज हवा (अंधड़) चलने की तथा मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है. बिलासपुर जिले में अचानक मौसम में परिवर्तन होने से अलग-अलग जगहों पर तेज हवाएं चलीं. वहीं शहर के सोनालिया मुख्य चौक के पास नवरात्र के लिए सजाए गए पंडाल और डोम आंधी तूफान उड़ गए. जिससे लोगों को आवाजाहि में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोग रास्ता बदल कर जा रहे हैं.

### महिला रेल अधिकारी ने लगाई फांसी

**बिलासपुर,7 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर से बड़ी खबर है, रेलवे कमर्शियल विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर काम कर रही महिला अधिकारी के घर से फांसी के फंदे पर उनकी लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले की जांच के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारों के मुताबिक, मृतका अधिकारी के पद पर पदस्थ थीं। जानकारी के मुताबिक घटना बिलासपुर के तोरवा थाना क्षेत्र के एनी कालोनी की बताई जा रही है,जहां महिला रेल अफसर विनिता सहानी की उनके घर पर फंदे पर लटकती हुई शव मिलने से सनसनी है, जानकारी के मुताबिक आसपास के लोगों शव को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया लेकिन जब तक महिला की मौत हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में रेलवे के सीनियर अफसर पर प्रताड़ना के आरोप लग रहे है,बताया जा रहा है कि महिला अफसर को रेलवे कर्मचारी यूनियन में पद मिलने के बाद सीनियर अफसर द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था,बताया जा रहा है कि सोशल मिडिया में भी अफसर के प्रताड़ना पर सवाल उठ रहे है। इधर मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई शूरू कर मामले की जांच कर रही है।

### फाटक तोड़कर ट्रेन से टकराई कार, एक की मौत

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,7 अप्रैल.** पेण्ड्रारोड अनूपपुर रेलवे ट्रैक में जैतहरी स्टेशन के समपार फाटक पर हादसा हुआ है. यहां एक कार फाटक तोड़कर एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा गई. जिसके बाद कार कुछ दूर तक ट्रेन के साथ घिसटती चली गई और फिर रेलवे लाइन के किनारे पलट गई. हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है. जिसे इलाज के लिए आनूपपुर अस्पताल में रेफेर किया गया है. जानकारी के अनुसार, बीती रात अनूपपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार पेण्ड्रारोड अनूपपुर रेलवे ट्रेक में जैतहरी स्टेशन के समपार फाटक को तोड़ते हुए तेज गति से निकल रही हीराकुंड एक्सप्रेस से जा टकराई. ट्रेन से टकराने के बाद कार कुछ दूर तक घिसटती हुई रेलवे लाइन के किनारे पलट गई. एक्सीडेंट इतना जबरदस्त की ट्रेन से टकराने के बाद कार पिचक गई. वहीं कार में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे जीआरपी और आरपीएफ की मदद से इलाज के लिए अनुपपुर अस्पताल रेफेर किया गया. इस हादसे के बाद ट्रेनों की आवाजाही पर भी असर पड़ा.

# छत्तीसगढ़ में मिलेगा पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर

### नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई तेजः साय



**रायपुर,7 अप्रैल**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पत्थलगांव की एक सभा में कहा कि घोषणा पत्र में शामिल किए गये वादों को लगातार पूरा किया जा रहा है. इसी के तहत राज्य में पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने के वादे को भी पूरा किया जाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद इसका क्रियान्वयन करेंगे. साय ने एक अन्य कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से नक्सलवाद के साथ लड़ाई तेज हो गई है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने का भी लाभ मिला है। हमारे सैनिकों को नक्सलियों का सफाया करने में अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। पहले एक दिन में 8 नक्सलियों को मारा गया है, लेकिन अब एक दिन में 13 नक्सलियों को हमारे सैनिकों ने मार गिराया है। हमारे सैनिकों ने नक्सलियों से भारी संख्या में बड़े स्वचालित हथियार भी बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नक्सलियों के सामने एक विकल्प भी दिया है कि वे यदि विकास की मुख्य धारा से जुड़ कर आत्मसमर्पण करते हैं, तो सरकार उनका समुचित ध्यान रखेगी। श्री साय ने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास बढ़ा है। इसका लोकसभा चुनाव में लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटों के साथ हम 400 पार का लक्ष्य प्राप्त कर रहे हैं।




रायपुर. हांडीपारा में पेयजल संकट

# रामनवमी आ रही है, पाप करने वालों को भूलना मतः मोदी

**पटना,7 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , बिहार के नवादा पहुंचे. यहां पर उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा और इसके साथ ही बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हुए कामों को गिनाया. पीएम मोदी ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि वे कहते हैं कि मोदी का गारंटी देना ठीक नहीं है और इसपर बैन लगना चाहिए. उन्होंने कहा कि मोदी का गारंटी देना गैरकानूनी है. पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता के कथित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी गारंटी देता है क्योंकि मोदी की नीयत साफ है. मोदी इसलिए गारंटी देता है क्योंकि वो गारंटी पूरी करने के लिए मेहनत करता है.

पिछले दिनों आयोध्या में बनी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, जिसमें विपक्ष के कई दलों ने हिस्सा नहीं लिया. ऐसे नेताओं पर निशाना साधते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा, आज राम मंदिर का शिखर आसमान छू रहा है. जो पांच सौ वर्षों में नहीं हो पाया, जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कांग्रेस और आरजेडी वर्षों तक कोशिश की, वो बन कर तैयार हो गया. देशवासियों के पैसों से मंदिर बना है, देशवासियों ने बनाया है.

विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इनकी क्या दुश्मनी है प्रभु राम, अयोध्या और हमारी विरासत से कि इन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया. इतना ही नहीं, इनके मन में इतना जहर



भरा है कि उनकी पार्टी के कुछ लोग प्राण प्रतिष्ठा में आ गए, तो उनको 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया. राम नवमी आ रही है, ये पाप करने वालों को भूलना मत. उन्होंने विपक्षी दलों को लेकर आगे कहा कि ये भी जानते हैं कि अगर मोदी की गारंटी ऐसे ही चलती रही, तो इनके वोट बैंक की दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए ये लोग मोदी की गारंटी का विरोध कर रहे हैं. ढ्ढहृष्ठढ्ढ ब्लॉक के पास ना विजन है और ना विश्वसनीयता है. दिल्ली में एक साथ खड़े होते हैं और अलग-अलग राज्यों में एक-दूसरे को गाली देते हैं.

पीएम मोदी ने इंडिया ब्लॉक को घेरते हुए कहा कि यहां गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा दल कहता है कि असली उम्मीदवार कोई और है, आपस में ही सिर फुटव्वल मचा रखा है. ये मजबूरी में एक साथ आए हैं, इंडिया गठबंधन मतलब देश विरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना. इस गठबंधन के लोग भारत को बांटने की बात करते हैं. कांग्रेस और आरजेडी एक भी वोट पाने के हकदार नहीं हैं. इन लोगों को सत्ता की लत लगी हुई है. ये सत्ता से बाहर जाते ही पानी से निकली मछली की तरह छटपटाते हैं.

नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा, चैन से नहीं सोऊंगा. 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बहार आए हैं, जब हौंसले बुलंद होते हैं, नीयत साफ होती है, तो लोगों को उसका लाभ मिलता है. मोदी मौज करने के लिए नहीं पैदा हुआ है, मेहनत करने के लिए ही जन्मा है. वो भी 140 करोड़ देश वासियों के लिए. मल्लिकार्जुन खड़गे को निशाने पर लेते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि राजस्थान में आकर मोदी 370 की बात क्यों करते हैं, ये सुन कर मुझे बहुत शर्म आई, क्या जम्मू-कश्मीर हमारा नहीं है? राजस्थान की धरती के वीर परिवार कश्मीर की रक्षा के लिए शहीद होकर लौटे हैं.

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है. मैं भी आप की ही तरह गरीबी को जीकर यहां आया हूं. मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 से पहले देश में क्या स्थिति थी. करोड़ो देशवासी कच्चे घरों में रहने को मजबूर थे या बेघर थे, खुले में शौच के लिए मजबूर था, गरीब का राशन बिचौलिए खा जाते थे, अस्पताल में इलाज के लिए गरीब को दर-दर भटकना पड़ता था. गरीब का बेटा मोदी, गरीब का सेवक है. जब तक घर-घर की गरीबी दूर नहीं कर लूंगा, चैन से नहीं बैठूंगा. पीएम मोदी ने कहा कि आगे कहा कि बीते दस सालों में गरीब के कल्याण का जो काम हुआ वो, आजादी के 6 दशकों में भी नहीं हुआ था. दस सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं. जब नीयत साफ और हौसले बुलंद होते हैं, तो नतीजे मिलते हैं.

# एम्बुलेंस से करोड़ों की गांजा तस्करी,जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भाटापारा,7 अप्रैल.** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, एवं एडीशनल एसपी अविनाश ठाकुर के निर्देशन व एसडीओपी आशीष अरोरा के मार्गदर्शन मे ग्रामीण थाना टी.आई.अमित पाटले व उनकी टीम करोडो रूपये के नशीले पदार्थ को पकड़ने में सफलता हासिल की। 108 एम्बुलेंस में किया जा रहा था गाँजे का परिवहन 7 क्विंटल से अधिक है गाँजे की मात्रा की पैकिग को इतना जबरदस्त तरीके से किया गया था जिसे सहज मे देखकर नशीले पदार्थ होने का अंदाजा



ने 108 एम्बुलेंस मे अवैध गांजे को पटपर चौक मे पकडा पकड़े गये गांजे की कीमत करोडो रूपये बतायी जा रही है। एम्बुलेंस मे नशीले पदार्थ का अवैध परिवहन करते पकडा जाना एक चुनौती भरा काम था लेकिन पुलिस की सूझबूझ व खुफ्यिा तंत्र इतना मजबूत था कि लगाना मुश्किल था किन्तु पुलिस को धोखा देने मे गांजा तस्कर नाकामयाब रहे और पुलिस के हत्थे चढ गये गाँजे का बाज़ार मूल्य करोड़ों में गाँजे का परिवहन करते दो आरोपी हुए गिरफ़्तार वे उड़ीसा से एमपी हो रहा था गाँजे का परिवहन मामले की अग्रिम विवेचना जारी है।



## पुलिस ने गायों से भरा ट्रक पकड़ा

**कवर्धा,7 अप्रैल.** जिले के दशरंगपुर में साईबर पुलिस टीम ने मवेशियों से भरी ट्रक को पकड़ा है। बताया जा रहा है उन्हें मवेशियों के तस्करी कर ट्रक में ले जाने की पूर्व में सूचना मिली थी। इसके आधार पर उन्होंने ट्रक को रोका और जांच करने पर सूचना सही पाई गई। पुलिस की टीम ने ट्रक क्रं. सी जी 04 एच एक्स 4274 को पकड़ा है।जब पुलिस की टीम ने ट्रक में जाकर उसकी जांच की तो उसमें कुल 40-45 मवेशियां गाय, बछिया, बछड़ा मिले है। आरोपी वाहन चालक ओमप्रकाश कावड़े यशोधरा नगर नागपुर महाराष्ट्र, मोहम्मद अली नागपुर महाराष्ट्र 2.पकला घृतलहरे खंडसरा बेमेतरा से पुलिस पूछताछ कर रही है.

## कांग्रेस के पास दूल्हा भी है और बाराती भी: बैज

रायपुर,7 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा चुनाव के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. राजनीतिक पार्टियां लगातार एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं. वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव के कांग्रेस पर बिन दूल्हे की बारात के दिए गए बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि हमारे पास दूल्हा और बाराती दोनों हैं. बीजेपी डरी गई है इसलिए ऐसा बयान दे रही है. इसके साथ ही दीपक बैज ने पीएम मोदी के दौरे और कांग्रेस छोड़कर जा रहे नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर भी बयान दिया है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस को बिन दूल्हे की बारात की दिए गए बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास दूल्हा भी है और बाराती भी हैं. कवासी लखमा से बड़ा कोई दूल्हा हो सकता है क्या. कांग्रेस का घोषणा पत्र देखकर भाजपा बौखला गई है. इसलिए जहां भी राष्ट्रीय नेता जा रहे हैं कांग्रेस के पक्ष में माहौल है. भाजपा डरी हुई है इसलिए ऐसा बयान दे रही है. प्रधानमंत्री मोदी के बस्तर दौरे पर तंज कसते हुए दीपक बैज ने कहा कि जब भी चुनाव होता है तब प्रधानमंत्री और केंद्र के नेता बस्तर आते हैं. चुनाव के बाद कोई बस्तर झांक कर नहीं देखता. प्रधानमंत्री मोदी का बस्तर में स्वागत है. प्रधानमंत्री को बस्तर में जवाब देना चाहिए जो कांग्रेस सरकार ने आरक्षण पास किया उसे राजभवन में रोकने का काम आपकी सरकार ने क्यों रोका है. क्या आप आरक्षण देंगे आदिवासियों को बस्तर को कहा था कि नगरनार नहीं बिकेगा पर केंद्र की बिकने वाली सूची में आज भी नगरनार शामिल है.



## ट्रेलर और ट्रक में टक्कर, दोनों वाहनों में लगी आग

कवर्धा,7 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. नेशनल हाईवे 30 पर बीती रात तेज रफ्तार ट्रेलर और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतना जोरदार था कि भिड़ंत होने के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई. हादसा होने के बाद दोनों वाहनों के ड्राइवर मौके से फरार हो गए. वहीं बीच सड़क में धू-धूकर कर दोनों वाहन जलते रहे. घटनास्थल पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. दोनों गाड़ियों में आग लगने से घंटो तक सड़क जाम रहा. बताया जा रहा है कि ट्रेलर वाहन रायपुर से आयरन लेकर जबलपुर जा रहा था. वहीं दूसरी ओर से गेहूं भरकर ट्रक कवर्धा से रायपुर जा रहा था. यह पूरा मामला दशरंगपुर चौकी अंतर्गत रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में अगरीकला गांव का है. फ़िलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# फ्रीज और स्मार्ट टीवी के बिल निकालकर ईडी ने जोड़े जमीन घोटाले के तार

**रांची,7 अप्रैल.** ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने 31 करोड़ रुपये से अधिक की 8.86 एकड़ जमीन अवैध रूप से हासिल की थी. ईडी ने कोर्ट में अपने इस दावे के समर्थन में एक रेफ्रिजरेटर और स्मार्ट टीवी का बिल सबूत के रूप में पेश किया है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने ये रसीदें रांची स्थित दो डीलरों से प्राप्त कीं और उन्हें पिछले महीने झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और चार अन्य के खिलाफ दायर अपने आरोप पत्र में संलग्न किया था. रांची में न्यायाधीश राजीव रंजन की विशेष पीएमएलए अदालत ने 4 अप्रैल को ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया.

**हेमंत सोरेन के दावे को किया खारिज**

हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद 31 जनवरी को कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था. वह फिलहाल रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं. ईडी के अनुसार, उपरोक्त दोनों गैजेट संतोष मुंडा के परिवार के सदस्यों के नाम पर खरीदे गए थे, जिन्होंने एजेंसी को बताया कि वे उक्त भूमि (8.86 एकड़) पर 14-15 वर्षों के लिए हेमंत सोरेन की संपत्ति के देखभालकर्ता के रूप में रह रहे हैं. एजेंसी ने हेमंत सोरेन के इस दावे का खंडन करने के लिए कि उनका उक्त भूमि से कोई संबंध नहीं है, संतोष मुंडा के बयान का इस्तेमाल किया. ईडी ने जमीन के टुकड़े पर राजकुमार पाहन नाम के व्यक्ति के दावे को भी खारिज कर दिया. ईडी ने आरोप लगाया कि वह (राजकुमार पाहन) ?हेमंत सोरेन द्वारा संपत्ति को अपने नियंत्रण में रखने के लिए सिर्फ एक मुखौटा था. ईडी ने दावा किया कि पिछले साल अगस्त में इस मामले में जब



सोरेन को पहला समन जारी हुआ उसके तुरंत बाद, राजकुमार पाहन ने रांची के उपायुक्त को एक पत्र लिखा. पाहन ने दावा किया कि जमीन का मालिकाना हक उसके और कुछ अन्य लोगों के पास है. पाहन ने रांची के उपायुक्त से मांग की थी कि अन्य मालिकों के नाम पर पहले का म्यूटेशन रद्द करके उन्हें उनकी संपत्ति से बेदखल होने से बचाया जाए.

ईडी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से दो दिन पहले 29 जनवरी को राजकुमार पाहन को जमीन बहाल कर दी, ताकि झामुमो नेता का नियंत्रण और कब्जा निर्बाध बना रहे. ईडी के अनुसार, भूमि मूल रूप से एक भुइंहारी संपत्ति थी जिसे सामान्य परिस्थितियों में किसी को हस्तांतरित या बेचा नहीं जा सकता था और मुंडा और पाहन ऐसी भूमि संपत्ति के मालिक के रूप में खड़े किए गए. ईडी ने दावा किया कि मूल मालिकों द्वारा जमीन कुछ व्यक्तियों को बेच दी गई थी. लेकिन हेमंत सोरेन ने उन खरीददारों को बेदखल कर दिया और 2010-11 में जमीन पर नियंत्रण हासिल कर लिया.

# दो बच्चों के पिता ने प्रेमिका संग लगाई फांसी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,7 अप्रैल.** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां प्रेमी जोड़े ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह घटना भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अर्जुनी के पास मैदान की है. जानकारी के अनुसार, भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी रवानभाठा में बीती रात प्रेमी जोड़े ने एक दूसरे को चुनरी से बांध कर गमछे से पेड़ में लटक कर फांसी लगा ली है. मृतक का नाम दीपक यादव पिता महेश यादव उम्र 27 वर्ष अर्जुनी और मृतका का नाम किरण कटारे बताया जा रहा है.मृतक पूर्व से शादीशुदा था, जिसके दो बच्चे एक 8 वर्ष की लड़की और 3 वर्ष का लड़का है. दोनों के बीच काफी समय से प्रेमसंबंध चल रहा था. जिसपर मृतक की पत्नी हीरा बाई यादव ने मृतिका किरण कटारे को अपने पति से दूर रहने की समझाइश दी थी पर वे दोनों नहीं माने और एक साथ जीवन नहीं बिता सके तो मौत को गले लगा लिया . दोनों के शव एक साथ पेड़ से लटके और एक दूसरे से बंधे हुए मिले हैं. साथ ही पैर जमीन से टिका हुआ है जो संदेहास्पद भी प्रतीत होता है. फिलहाल, घटना की सूचना पर भाटापारा ग्रामीण पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. दोनों से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि दोनों ने आत्महत्या की है या मामला कुछ और है.

# चुनावी आमसभा में एमपी सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस की तुष्टीकरण पर जोरदार हमला किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी का चुनावी शंखनाद करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 15 वर्षों तक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया पर कांग्रेस ने सब ख़राब कर दिया। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। किसानों को बोनस दिया।? छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो कांग्रेस जड़ से साफ़ हो गई। मध्यप्रदेश में डेढ़ साल में और राजस्थान में तो पांच सालों तक खींचतान चलती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने कोयला, रेत, गोबर, चावल का घोटाला तो किया ही, आदमी का ईमान भी खा गये। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को कवर्धा में आहूत भाजपा की महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 56 इंच के सीने ?वाले हैं। आज दुश्मन के देश में घुसकर दुश्मनों को मार रहे हैं और देश के अंदर के दुश्मन भी ?बचने वाले नहीं हैं क्योंकि देश के गृह मंत्री अमित शाह हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। श्री यादव ने कहा कि आज का भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। दो बार हमनें पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। हमारे जवान अभिनंदन को पाकिस्तान ने पकड़ लिया और बार बार फोन करके बात करने बोला परंतु हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने



पाकिस्तान को साफ़ कह दिया कि यदि हमारे सैनिक को जरा भी खरोंच आई और नहीं छोड़ा तो पाकिस्तान की यह आखिरी रात होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी दोस्त के साथ दोस्ती और दुश्मन के साथ दुश्मनी वाली नीति पर चलते हैं। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि अंग्रेज आए, मुग़ल, आए और न जाने कितने आक्रांता आए पर भगवा का बाल भी बांका नहीं हुआ। आज पांच सौ वर्षों बाद भगवान अयोध्या में मुस्कुरा रहे हैं यह फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया पर इसका पालन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने करवाया?। हिन्दुस्तान की धरती पर भगवा का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। कवर्धा में गौ सेवक की हत्या कर दी गई जिन्होंने भी ऐसा किया है उसको परिणाम भुगतना पड़ेगा। डॉ. यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव, मध्यप्रदेश में मोहन और राजस्थान में भजन हैं, यह सुखद संयोग है। अब विरोधी आखिर बचकर कहाँ जाएंगे। ?हम सूर्य संस्कृति को मानने वाले हैं।? जहां विष्णु हैं वहां विजय निश्चित है। सबका संतोष, सबको संतोष, राजनांदगांव में भी संतोष याने चारों तरफ संतोष ही है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में इस कबीरधाम से आतंक और तानाशाही को समाप्त करके कमल खिलाने के लिए जनता-जनार्दन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले थे, उसका न्योता कांग्रेस ने ठुकरा दिया। यह न्योता देने वाले का अपमान है। यह राम भक्तों का अपमान है। भगवान राम हम छत्तीसगढ़वासियों के भाँचा हैं। हमारे भाँचा का मंदिर 500 साल बाद बना और उसका न्योता को ठुकराने वाली कांग्रेस ने हमारा अपमान किया है। उस कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से वोट नहीं मिलना चाहिए। श्री साव ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करना है और भगवान राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के न्योता को ठुकराने वालों का सूपड़ा साफ करना है।। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पिछले दो कार्यकाल में कितने बड़े काम हुए हैं, वह हम सभी जानते हैं। 370 कश्मीर से हट गई, कैसे नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में शांति स्थापित हो गई है, सीएए आ गया है, तुरंत तीन तलाक खत्म हो गया, 500 साल से जिसकी प्रतीक्षा थी, भारतीय जनचेतना के प्रभु श्री राम जी का मंदिर अयोध्या में बना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि दो कार्यकाल में बहुत सारे बड़े काम हुए हैं और तीसरे कार्यकाल में इससे भी बड़े काम किए जाएंगे। बड़े काम देखने के लिए, वह काम जो आपके हृदय में है, उस काम को देखने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना अत्यंत आवश्यक है और इसलिए कमल के निशान पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को प्रचंड मतों से जिताएँ । अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सांसद व राजनांदगाँव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने भारतीय जनसंघ से लेकर आज भाजपा तक की राजनीतिक यात्रा की विस्तार से चर्चा की और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की बाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पांडेय ने अपील की कि 26 अप्रैल को हम सब मतदान करें और भारतीय जनता पार्टी को वोट दें।

## एक नजर

### गैंगस्टर तपन को जगदलपुर और नेपाली को रायपुर जेल शिफ्ट किया



**भिलाई 7 अप्रैल।** दुर्ग केंद्रीय जेल से सिम कार्ड, गांजा और अन्य आपत्तिजनक वस्तु मिलने के बाद जेल प्रशासन के लिहाज से हार्डकोर अपराधियों को अन्य जेल में शिफ्ट करने का सिलसिला जारी है सप्ताहभर पहले उपेंद्र सिंह उर्फ कबरा को बिलासपुर और ओमप्रकाश उर्फ रिंकू पांडेय को अंबिकापुर जेल शिफ्ट किया गया था। इसके बाद अब गैंगस्टर तपन सरकार को जगदलपुर और मुंकू नेपाली को रायपुर जेल शिफ्ट किया गया है 27 मार्च की सुबह कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेंद्र शुक्ला ने सीएएफ के जवानों के साथ केंद्रीय जेल दुर्ग में छापामार कार्रवाई की थी। इसके बाद जेल के चक्कर अधिकारी अशोक साव को हटाकर जेजे शाखा में भेज दिया गया था वहीं कुख्यात अपराधी व हिस्ट्रीशीटर उपेंद्र सिंह उर्फ कबरा और चक्कर प्रभारी कैदी ओमप्रकाश उर्फ रिंकू पांडेय का जेल ट्रांसफर कर दिया गया था।

### बीएसपी अफसर का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी

**भिलाई 7 अप्रैल।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र बीएसपी अधिकारी की रेलवे ट्रेक पर लाश मिलने से सनसनी फैल गई मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन से कटने से मौत हो गई तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के पास से बाइक भी मिला जांच के बाद पता चला कि शव बीएसपी अधिकारी सेक्टर 8 निवासी राम कृष्ण उइके 54 वर्ष का है मृतक बीएसपी के प्लेट मिल में कार्यरत था अपनी मां का जन्म दिन मनाने दुर्ग परिवार समेत गया था उसके बाद आने के बाद सभी अपने कमरे में सो गए सुबह बाइक लेकर राम कृष्ण मार्निंग वॉक के लिए निकले थे घटना का कारण अज्ञात है। मृतक का वर्ष 2023 में उन्हें प्रमोशन मिला था राम कृष्ण के घटना के बाद से परिजनों और विभाग में कार्यरत कर्मी चकित है।

### ट्रेन में गांजा तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई 7 अप्रैल।** ट्रेन में गांजा तस्करी करने वाले युवको को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई -3 जीआरपी टीआई आरके बोर्झा ने बताया कि पावर हाउस रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 में पदमपुरा जिला रायगढ़ उड़िसा निवासी सामुऐल मांझी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने चार बैग में 39 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ जिसकी कीमत 7 लाख 84 हजार रुपए आंकी गई है आरोपी सामुऐल ट्रेन 12843 पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल बोगी में बैग में गांजा लेकर आ रहा था युवक को पावर हाउस रेलवे स्टेशन में उतारकर कार्रवाई की गई। जीआरपी और आरपीएफ बीएमवाई चरोदा द्वारा लगातार ट्रेनों में चेकिंग किया जा रहा है।

### गौ तस्कर पकड़ाया



**कवर्धा 7 अप्रैल।** गौ तस्करी की सूचना पर चौकी दशरंगपुर क्षेत्रांतर्गत एमसीपी लगाकर ट्रक को पकड़ा गया है जिसमें लगभग 40-45 नग गाय-बछिया-बछड़ा मिले हैं .. आरोपी वाहन चालक-ओमप्रकाश कावड़े यशोधरा नगर नागपुर महाराष्ट्र सहयोगी जो साथ मिले हैं-1.मोहम्मद अली नागपुर महाराष्ट्र 2.पकला घृतलहरे खंडसरा बेमेतरा ।

## निधन

### के. रमन मूर्ति

**भिलाई, 7 अप्रैल।** टी. एन. डी.विभाग के के. रमन मूर्ति, सीनियर सेक्रेटरी इंटक यूनियन, हित चिन्तक सोसायटी के डायरेक्टर के पिताजी के.लक्ष्मी नारायण 80 वर्ष, पूर्व बालाजी मंदिर के ट्रस्ट कमिटी मेंबर, पूर्व हित चिन्तक सोसायटी के डायरेक्टर बॉडी मेम्बर, पूर्व इंटक पदाधिकारी का शनिवार सुबह 6 बजे सेक्टर-9 अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार 7 अप्रैल को 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र ज्ञानकृष्ण नायडू, सुरेश नायडू, रमण मूर्ति ब तीन पुत्रियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



# भाजपा को शिखर में पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका: वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण और परिचर्चा का आयोजन करके मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। परिचर्चा में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। आज भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है। भाजपा अपने विकासवादी विजन, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति हमेशा समर्पित रही है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति इसके कार्यकर्ता हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में दिन-रात जुटे रहते हैं। देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने में सक्षम है। केंद्र हो या राज्य, भाजपा ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है। भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित लोगों को एक नई ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे,



उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी। जिला महामंत्री व विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि आज भारतीय राजनीति पर नजर डालें तो एक बात स्पष्ट होकर सामने आती है कि भाजपा के बिना देश के राजनीतिक परिदृश्य की कल्पना नही की जा सकती, बिना भाजपा का जिक्र किये भारतीय राजनीति की कोई परिचर्चा पूरी नही हो सकती। दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता चैनसुख भट्टड, अजय तिवारी, विनायक नातू, सुधा सिंह, कमल तिवारी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने किया। पार्टी के विचारों और कार्यों से प्रभावित होकर पचरीपारा के शंकर यादव ने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा से भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा कार्यालय में जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, अलका बाघमार, जिला मंत्री आशीष निमजे, मंडल अध्यक्ष मदन वाढ़ई, विजय ताम्रकार, संतोष सोनी, जितेन्द्र राजपूत, रजनीश श्रीवास्तव, गौतम वैद्य निरंकारी, राकेश दुग्गड, देवनारायण चंद्राकर, आसिफ अली सैय्यद, रीता मेश्राम, नरेश शर्मा, मनोज शर्मा, नवीन पवार, मुकेश बेलचंदन, गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, रितेश शर्मा, नीतू श्रीवास्तव, शीतल जांगिड़, पोषण साहू, उमाभारती साहू, द्रोण ताम्रकार, रीता देवी सिंह, रितेश जैन, महेन्द्र चोपड़ा, महेश सार्वा, राकेश यादव, भारतेंदु गौतम, हेमंत नेमा, काशीराम कोसरे, मनीष पुनाचा, कमलेश फेकर, ईश्वर देवांगन, संजय शुक्ला, भावेश कटारे, विद्या नामदेव, टीकम साहू, संदीप भाटिया, मोहम्मद जमील खान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### लूट के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 7 अप्रैल।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र ट्रक कंडक्टर से लूटपाट करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबीर और हुलिए के आधार पर पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली है। तीनों आरोपी वारदात करने के बाद आपस में रुपए बांट लिए थे पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी मुर्गेश नायर के खिलाफ थाना खुर्सीपार में 22 प्रकरण दर्ज है। वहीं मोहित उर्फ भुरु बंजारे पर 3 प्रकरण दर्ज है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पनिकर ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की खुर्सीपार थाना पुलिस ने घटना स्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर को अलर्ट किया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की मामले आरोपी मुर्गेश नायर, मोहित उर्फ भुरू और एक अन्य लड़का शेखर ने घटना को अंजाम दिया है। वे लोग उड़िया बस्ती में नीम पेड के नीचे बैठे हैं। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लूट की रकम आपस में बांट लिया है कुछ रुपए खर्च कर दिए हैं और कुछ अपने पास छिपाकर रखे हैं। पुलिस ने उनके पास से बचे हुए पैसे जब्त कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी मुर्गेश नायर (40 वर्ष) निवासी पुराना 1 खुर्सीपार गेट शिवाजी नगर चर्च के पास, मोहित उर्फ भुरू बंजारे (20 वर्ष) निवासी शिवाजी नगर मीरा पार्षद के घर के पास और शेखर गुप्ता (19 वर्ष) निवासी एचएससीएल कालोनी सड़क 4 खुर्सीपार भिलाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि अंकित बंसल (19 वर्ष) निवासी सीधी मध्य प्रदेश ट्रक में कंडेक्टर का कार्य करता है। वह ट्रक ड्राइवर रोहित पाण्डेय के साथ राजस्थान ट्रांसपोर्ट रावण बलौदाबाजार का ट्रक में सीमेंट लोड कर बालोद जा रहा था 3 अप्रैल की रात 10.10 बजे वे खुर्सीपार सिग्नल के पहले अंकित किराना स्टोर के पास रुके अंकित ट्रक से उतर कर उसकी हवा चेक करने लगा इसके बाद पास लगे हैंडपंप से पानी भरकर लाया फिर वहीं अंधेरे में खड़ा होकर पेशाब करने लगा इसी दौरान कुछ लड़के आए उन्होंने उसका मुंह दबाया दो लड़कों ने उसका हाथ और पैर पकड़ा और उसे अंधेरी गली में ले गए इसके बाद आरोपियों ने अंकित की जेब से 7200 रुपए लूट लिए इसी दौरान रोहित पाण्डेय ट्रक से राड लेकर उसे बचाने आया तो आरोपी वहां भाग गए हवा चेक करने उतरा कंडक्टर तो मुंह को दबाकर ले गए किनारे और रुपए लूटकर भागे

### मौसम के तेवर ढीले, वज्रपात एवं अंधड़ की संभावना

**भिलाई, 7 अप्रैल।** सूरज की कहर बरपाने धूप को आज सुबह से बादलों ने इस कदर ढँक लिया के उसके तेवर ढीले पड़ गए। बदली और हवा में नमी के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई और तापमान गिर गया। शनिवार को जहाँ अधिकतम तापमान 41.2 दर्ज किया गया जो की सामान्य से +2 डिग्री अधिक था और न्यूनतम तापमान 24.6 रहा जो की सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। वहीं आज रविवार को इसमें गिरावट आ गई और दोपहर के समय भी तापमान का स्तर 33 डिग्री ही रहा जिसके रात तक गिरने का और अनुमान है। तत्पश्चात अगले 03 दिनों में 03-05 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की सम्भावना है। मौसम विभाग का कहना है कि सिनेप्टिक सिस्टम दक्षिण छत्तीसगढ़ से लेकर विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक होते हुए आंतरिक तमिलनाडु के कोमोरिन क्षेत्र तक एक द्रोणिका/वायु का असांतत्य औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर बना हुआ है। उनका पूर्वानुमान है कि प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने, गरज चमक के साथ वज्रपात होने एवं अंधड़ चलने की संभावना है। 2 दिनों के बाद प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की वर्षा होने, ओलावृष्टि और अंधड़ (वायु गति 30-40 किमी/घंटा) चलने की सम्भावना है ।



### मतदाता जागरूकता 3 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**भिलाई, 7 अप्रैल।** स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में भूपेंद्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि मतदान करना कितना आवश्यक है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने कहा कि वैशाली नगर महाविद्यालय प्रारंभ से ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में तत्पर रहा है और लोकसभा चुनाव में भी मतदाता जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मुख्य वक्ता डॉ एल बी भारती सेवानिवृत्ति प्राध्यापक साइंस कॉलेज दुर्ग ने मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक विचारों से अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी अग्रवाल ने बताया कि किस तरह से राष्ट्र की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने में एनएसएस अपनी सहभागिता दे रहा है। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ मीनाक्षी भारद्वाज के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन का कार्य डॉ भूमि राज पटेल ने किया ।



# वन्य प्राणियों की निगरानी के लिए वन विभाग की अच्छी पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 7 अप्रैल।** भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा अंतर्गत वन्य प्राणियों की उपस्थिति एवं उनके गतिविधियों विचरण क्षेत्र रहवास की सटीक जानकारी एवं निगरानी हेतु प्रत्येक परिसर में पीआईपी निर्माण कराया गया है। पीआईपी का अर्थ पग इंप्रेशन पैड है अर्थात जब कोई वन्य प्राणी इस पीआईपी के ऊपर से गुजरता है तो उसके पद की छाप पीआईपी पर पड़ जाती है।पीआईपी का निर्माण बारीक भुरभुरी मिट्टी को धरती पर बिछाकर किया जाता है। इसका निर्माण गस्ती मार्ग या पगडंडियों पर किया जाता है जहां अधिक से अधिक वन्य प्राणियों के गुजरने की संभावना हो। प्रत्येक परिसर में तीन चार या अधिक आवश्यकता अनुसार पीआईपी का निर्माण किया गया है। अधिकांश वन्य प्राणी निशाचर होते हैं इसलिए प्रतिदिन प्रातः काल पीआईपी से गुजरे हुए वन्य प्राणियों की जानकारी एक निर्धारित पंजी में इंद्राज की जाती है एवं उसके फोटोग्राफ्स भी लिए जाते हैं। किसी विशेष वन्य प्राणी की उपस्थिति के संबंध में प्राथमिक सूचना भी इसी पीआईपी के माध्यम से ही प्राप्त होती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि पीआईपी से एकत्र की गई जानकारी वन्य प्राणियों के प्रबंधन एवं उनकी विशेष निगरानी की योजना बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है ।



# बीजेपी आज दुनिया की लोकप्रिय पार्टियों में से एक है: रेखराम बंछोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार शनिवार 6 अप्रैल को भाजपा जामुल मंडल द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया एवं प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से सोनी मैरिज पैलेस में दिखाया गया साथ ही आज भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का भी श्रीफल से सम्मान किया गया । इस बीच भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर भिलाई जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर ने यहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामना दी एवं अपने उद्बोधन में कहा कि आज लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। आज हम सब यहां भाजपा का स्थापना दिवस मनाने जा रहे हैं। पार्टी की स्थापना 6 अगस्त 1980 को हुई थी। जनसंघ से निकली बीजेपी आज दुनिया की लोकप्रिय पार्टियों में से एक है। आज बीजेपी का उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है जिन्होंने वर्षों तक अपनी कड़ी मेहनत संघर्ष और त्याग से पार्टी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया। उन सभी महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत और बलिदान को भी श्रद्धा भाव से याद किया इन्होंने सालों तक पार्टी निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज विश्वास के साथ हम कह सकते हैं कि भाजपा देश की पसंदीदा पार्टी है जिसने हमेशा नेशन फर्स्ट को जहन में रखकर काम किया आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश का पूरे विश्व में मान सम्मान बड़ा और आज भारत विश्व गुरु बनने की रास्ते पर अग्रसर है । बंछोर जी ने सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि हम सब इस चुनाव में अधिक से अधिक मतों से अपनी पार्टी को विजय दिलाएंगे जामुल मंडल के पूरे 24 बूथों में 80 प्रतिशत भाजपा के पक्ष में मतदान कराएंगे । इस मौके पर जामुल मंडल के अध्यक्ष योगेश्वर सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत ठाकुर, महामंत्री प्रसांत गुप्ता, नूतन वर्मा, पार्षद दीपक गुप्ता जी रामदुलार साहू जी, विधायक प्रतिनिधि हेमंत देवांगन जामुल मंडल से दीपक सिंह जितेंद्र साहू, भगवान सिंह चौहान, राजेश यादव, विशेश्वर वर्मा, ओमप्रकाश साहू, नवीन सिंह, मेघनाथ साहू, जगदीश देवांगन, प्रहलाद जंगल, कुलेश्वर वर्मा, अश्वनी पांडे, युवा मोर्चा से सोनू यादव ऋषभ बंछोर, किशन गर्ग, अनूप राय, लेखराम पाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस बीच वरिष्ठ कार्यकर्ताओं रमेश साहू, देव बिहारी मिश्रा, लतेल कौशिक, मंगलू का सम्मान किया गया।



# भाजपा का स्थापना दिवस मनाया, विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस का कार्यक्रम दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के द्वारा भाजपा का झंडा रोहण कर मनाया गया आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए 7इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में सरकार बनाने के बाद रखी। भाजपा विधायक एवं जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने कहा कि स्थापना से लेकर आज तक भाजपा की विचारधारा यथावत रही जिसके मूल में राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और अंत्योदय है। हम प्रारंभ से लेकर आज तक एक देश एक विधान की मान्यता लेकर जनता के बीच गए हैं एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ जनसहयोग मांगा। इस अवसर पर जिला महा मंत्री सुरेन्द्र कौशिक जी ,जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्यय, शदर मंडल अध्यक्ष मदन बड़ाई प्रदेश उपाध्यक्ष स अनुसूचित जाति ज्वाला मरकाम, जिला महा मंत्री विक्की सोनकर ,नवीन पवार,पार्षद हरीश नायक, राजेंद्र सिंह यादव, राकेश विश्वकर्मा, रजनीश ,अजय तिवारी,जीतू, अस्मी राउत, बी, आर मेश्राम,रोहित चंद्राकर दीपक साहू ,विनोद साहू, नरेन्द्र साहू,राकेश देशलहरे, पुनीत कश्यप,मनसिंह ,गणेश देशमुख लालू राम ,निषाद ,आनंद मेश्राम, महा मंत्री महिला मोर्चा रीता मेश्राम, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल , महिला मोर्चा उपाध्यक्ष दुर्गा यादव व बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# बीएसपी टीम ने जीता सेल स्तरीय चेयरमेन्स ट्रॉफी फ़ॉर यंग मैनेजर्स का खिताब

**भिलाई, 7 अप्रैल।** सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची में 05 अप्रैल को चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2023-24 के सेल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने खिताब अपने नाम कर भिलाई का नाम रौशन किया। इस टीम के सदस्य हैं- सोनल श्रीवास्तव प्रबंधक, सिद्धार्थ रॉय प्रबंधक और विनय कुमार पवार उप प्रबंधक।




# मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 7 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अक्टूबर से दिसम्बर 2023 के लिए उप प्रबंधक मुकेश सिंह ठाकुर एवं उप प्रबंधक दीपक तिवारी को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। अक्टूबर 2023 के लिए चार्जमैन कम मास्टर ऑपरेटर राजीव रेड्डीवार तथा मास्टर तकनीशियन अयोध्या कुमार वर्मा को, नवम्बर 2023 के लिए चार्जमैन कम सीनियर तकनीशियन पुष्पक राज देशमुख तथा मास्टर तकनीशियन महेश्वर प्रसाद को, दिसंबर 2023 के लिए चीफ मास्टर ऑपरेटर शिव कुमार महाजन तथा मास्टर ऑपरेटर नरेला हरि नारायण को, जनवरी 2024 के लिए चीफ मास्टर तकनीशियन संजय कुमार तथा मास्टर ऑपरेटर इरशाद अहमद को, फरवरी 2024 के लिए मास्टर ऑपरेटर नारायण सिंह नेताम तथा मास्टर ऑपरेटर बाबू राव को तथा मार्च 2024 के लिए मास्टर ऑपरेटर प्रमोद कुमार सिंह तथा मास्टर ऑपरेटर रविन्द्र कुमार नागले को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### घुपसाल में चैत्र नवरात्रि की तैयारियाँ इन दिनों जोरों पर

**डोंगरगांव 7 अप्रैल।** चैत्र का महीना नजदीक आते ही देवी मंदिरों में तैयारियाँ जोरों पर है. बता दें



कि 9 अप्रैल मंगलवार को चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही हिन्दू नववर्ष प्रारंभ हो रहा है. समीपस्थ ग्राम घुपसाल में मां दंतेश्वरी, मां शीतला एवं पाठेश्वर मंदिर में ज्योति कलश स्थापना की तैयारी जोरों पर है. ग्राम विकास समिति, पाठेश्वर मंदिर समिति, दिव्य ज्योति महिला मंडल एवं मां बम्लेश्वरी महिला समूह के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष प्रतिपदा चैत्र शुक्ल पक्ष 1 को ज्योति प्रज्वलन संध्या 4 बजे, शनिवार को देवभोग पंचमी दोपहर 2 बजे, 15 अप्रैल को महाआरती व दीपयज्ञ होगा. मंगलवार 16 अप्रैल को अष्टमी हवन दोपहर 3 बजे एवं बुधवार 17 अप्रैल को कन्या भोज एवं विसर्जन कार्यक्रम होगा साथ ही विभिन्न संस्कार पुंसवन, जन्मोत्सव, नामकरण, मुंडन, अन्नप्रासान, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह आदि भी सम्पन्न होगें. नवरात्रि पर्व के अवसर पर घृत एवं तेल ज्योति कलश की स्थापना होगी।

### चैती चांद-10 अप्रैल को, मटन मार्केट बंद रहेगा

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार चैती चांद के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। समस्त स्वच्छता निरीक्षक उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे और अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### जुआरियों पर चिखली पुलिस व सायबर सेल ने की संयुक्त कार्रवाई



**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अगामी लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 05.04.2024 को मुखबीर सूचना पर से ग्राम कांकेतरा खार में जुआ खेल रहे आरोपियान 01. नरेन्द्र रेड्डी पिता स्व0 नरसिंग रेड्डी उम्र 46 साल साकिन जमातपारा वार्ड नं. 24 राज. 02. मो. बशीर पिता स्व0 मो. युसुफ उम्र 42 वर्ष सा0 स्टेशनपारा वार्ड नं. 12 ओपी चिखली राज. 03. गजेन्द्र लाल सिन्हा पिता रघुवीर लाल सिन्हा उम्र 24 वर्ष साकिन तुलसीपुर राज. 04. टेकराम देवांगन पिता निरंजन देवांगन उम्र 42 वर्ष सा. बोरी ओपी चिखली राज. 05. फलेन्द्र देवांगन पिता गोर्वधन देवांगन उम्र 40 वर्ष साकिन बोरी ओपी चिखली राजनांदगांव से नगदी रकम 15950/- रूपये, 04 नग मोबाईल कीमती 19500/- रूपये व घटना स्थल से 05 नग मो0सा0 कीमती 172,000/- रूपये जुमला 207,450/- रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही की गयी एवं आरोपियों को प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 151/107,116(3) जा0फौ0 के तहत कार्यवाही कर माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, म0प्र0आर0 वंदना पटले चौकी चिखली व सउनि द्वारका लाउत्रे, सउनि सुमन कर्ष, आर0 मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, हरीश ठाकुर सायबर राजनांदगांव व टीम का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** आगामी लोकसभ निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये



पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना बसंतपुर, डोंगरगढ़ एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 05/04/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के कुल 61 प्रकरण में 21700/- रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाएं चुनाव का राष्ट्रीय पर्व:कलेक्टर

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** स्वीप महोत्सव में विशाल मानव श्रृंखला के माध्यम से वोट राजनांदगांव 26 अप्रैल 2024 बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आज आयोजित स्वीप महोत्सव में अभूतपूर्व उत्साह के साथ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे उपस्थित थे। स्वीप महोत्सव में युवाओं एवं बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाताओं को जागरूक करने ऊर्जा एवं उत्साह के साथ बहुत अच्छी प्रस्तुति




दी। स्वीप महोत्सव में युवाओं ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट द्वारा स्वीप एवं देश भक्तिपूर्ण गीतों से समा बांधे रखा, वहीं रैप सांग ने सब का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी खिलाडियों ने बहुत अच्छा रोप स्कीपिंग किया तथा कमला कॉलेज एवं दिग्विजय कॉलेज के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा सुआ गीत में बहुत अच्छा नृत्य प्रस्तुत कर मतदान के दिन सभी कार्य छोड़कर सबसे पहले मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप महोत्सव में स्वीप सेल्फी जोन बनाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ सेल्फी ली और 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आव्हान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में सभी पर्व बहुत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसे ही चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है इसे हमें खुशी एवं उत्साह के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि प्रत्येक मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है वे मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि यहां से प्रेरणा लेकर अन्य 10-10 लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें अन्य 10-10 लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने कहा। जिससे जिले के सभी मतदाता जागरूक होंगे और अपने मतदान के अधिकार और कर्तव्य को अच्छे से समझेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं एवं महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बहुत अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे मतदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे ने जिले के सभी नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने देश को आगे बढ़ाने में सहभागिता देंगे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 7 अप्रैल।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी एवं जिला भारती जनता पार्टी के निर्देश अनुसार स्थापना दिवस को जोर-जोर से मनाने का कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया इसी क्रम में डोंगरगढ़ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा आज दिनांक 6 अप्रेल दिन शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के अवसर पर संथापक सदस्य भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप बाघ,हरविंदर सिंह मंगे वरिष्ठ भाजपा नेता के निजी कार्यालय मे हमारे पितृ पुरुष श्यामाप्रासाद मुखर्जी और प.दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के तेल चित्र पर पवन मेश्राम तुलसी मिश्रा, संतोष राव महामंत्री, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर महेंद् अग्रवाल,प्रकाश बिंदल,परविंदर सिंह मोंटी,वीरेंद्र सोनी,राम कुमार, मोहन कोटले,रघुनाथ गजेंद्र, ललित शर्मा, शिवा यादव, श्यामसुंदर नरेडी, बलविन्दर विक्की, गिरीश साहू, सावन टेम्बूरकर, मीना यादव, शुभम परिहार, ऋषभ डक्हा, गीता मानिकपुरी, शुशिला साहु, सुरेश मरकाम, अजय शर्मा सहित अधिक से अधिक



संख्या में कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहना कर स्थापना दिवस मनाया इसके बाद डोंगरगढ़ शहर को संगठित करने वाले भारतीय जनता पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने वाले छोटे बड़ों को साथ लेकर चलने वाले भाजपा के संस्थापक सदस्य प्रदीप बाघ एवं हरविंदर सिंह मंगे का शाल श्री फल भेंट कर दलित नेता पवन मेश्राम नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा शहर महामंत्री संतोष राव प्रिंस कक्कड़ ने साथियों सहित स्वागत किया इसके पश्चात वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र अग्रवाल एवं तुलसी मिश्रा का महेंद्र अग्रवाल जी के ऑफिस मे शाल श्रीफल से स्वागत किया एवं संस्थापक सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता धनीराम तराने, कैलाश तिवारी, वीरेंद्र जैन, रविंद्र पाल सींग सीटे का भी उनके निवास जा कर शाल श्रीफल से स्वागत किया गया एवं उनके द्वारा पार्टी को दिए गए समय व संघर्ष के समय को याद किया गया इसके उपरांत स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम बछेरा भाठा के वृद्धा आश्रम एवं छात्रावास मे सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा फल एवं मिठाई का वितरण कर स्थापना दिवस की खुशियों को साझा किया गया उक्त जानकारी डोंगरगढ़ शहर महामंत्री संतोष राव ने प्रेस को दी।

# संस्कारधानी में सर्वधर्म का अच्छा मेल-मिलाप:डा.चंदन यादव

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** जूनी हटरी स्थित निशांत मंजिल मुस्लिम जमातखाना में शुक्रवार 05 अप्रैल की शाम रोजेदारों के लिए दावत-ए-इफ्तार आयोजित किया गया। इसमें शामिल होने एआईसीसी सचिव व छग कांग्रेस सहप्रभारी डा.चंदन यादव सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी व मुस्लिम भाईयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा जूनी हटरी स्थित निशांत मंजिल मुस्लिम जमातखाना में दावत-ए-इफ्तार आयोजित किया गया। जिसमें छग कांग्रेस के सहप्रभारी सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होकर मुस्लिम भाईयों को रमजान माह की बधाई दी। एआईसीसी सचिव व छग कांग्रेस सहप्रभारी डा.चंदन यादव ने मुस्लिम भाईयों के पवित्र माह रमजान पर बधाई देते हुए कहा कि संस्कारधानी में वैसे तो सर्वधर्म का अच्छा मेल-मिलाप है क्योंकि यहां सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते आ रहे है। इसके लिए मैं पूरे शहरवासियों को बधाई देना चाहता हूं और सभी रोजेदारों का इस्तेकबाल करते हुए शुभकामनाओं के साथ संस्कारधानी राजनांदगांव में अमन-चैन की दुआ की कामना



करता हूं। इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने मुस्लिम भाईयों को बधाई देते हुए कहा कि पवित्र रमजान माह चल रहा है। मुस्लिम भाईयों द्वारा भूखे-प्यासे रहकर रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे है। रोजा रखने में इंसान को इंसान की तकलीफों का अंदाजा हो जाता है। गरीबों के दुख-दर्द का एहसास होता है। मैं सभी रोजेदारों का इस्तेकबाल करते हुए पुनः शुभकामनाएं देता हूं। इफ्तार पार्टी में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी दीपक दुबे, कांग्रेस अल्पसंख्यक उड़ीसा प्रभारी अब्दुल कलाम, कुतबुद्दीन सोलंकी, प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, मोहम्मद रफी, आफताब अहमद, शकील रिजवी, हाफिज वारसी, अब्दुल खालिक, मुस्तफा जोया, फरमान अली, अब्बास खान, जितेन्द्र शर्मा, अरशद खान, सुरजीत ठाकुर, कादिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई मौजूद थे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर शिवप्रकाश ने कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया

**रायपुर 7 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव पूर्व भारतीय जनता पार्टी अपने 44 वें स?थापना दिवस को उत्सव की तरह मना रही है 6 अप्रैल को भाजपा अपना 44वां स?थापना दिवस मना रही है जिस हेतु देश के हर राज्य , जिले , शहर , मंडलों और बूथों तक विभिन्न कार्यक्रमो हेतु विशेष तैयारियां की गई है . इस मौके पर पार्टी ÷ फिर एक बार, मोदी सरकार ÷ के नारे के साथ पूरे देश में स्थापना दिवस मना रही है कड़ी में आज सुबह सर्वप्रथम जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव द्वारा भाजपा के कमल छाप वाले ध्वज फहराया गया एवं भारत माता के चित्र और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संस्थापक सदस्य पं.दीनदयाल उपाध्याय और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की इसके पार्टी के स्थापना दिवस की खुशी में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया । वहीं छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भी भाजपा स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमो में सम्मिलित हुए उन्होंने सर्वप्रथम अपने निवास पर सपरिवार भाजपा का ध्वज फहराया तद उपरांत विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल होते हुए लोकसभा केंद्रीय कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का साल श्रीफल देकर सम्मान किया बृजमोहन अग्रवाल ने इस दौरान कहा की भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए एक उत्सव की तरह है मेरे लिए यह सौभाग्य का विषय है की मैं विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य हूं हमारे सामने उपस्थित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अथक परिश्रम की बदौलत आज हमने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल होने का सम्मान प्राप्त किया है ऐसे सभी करोड़ों कार्यकर्ताओं को मैं स्थापना दिवस की बधाई देता हूं ।

# पुलिस ने जुआ और अवैध शराब मामले में 5 लोगों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी /मगरलोड 7 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा अवैध शराब,जुआ,सट्टा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सभी थाना/चौकी प्रभारियों को कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये हैं। जिसके परिपालन में मगरलोड थाना प्रभारी राजेश जगत ने अपने अभियान को तेज करते हुए खुफिया तंत्र को मजबूत कर दिया है, इसी परिप्रेक्ष्य में गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम छिपली के नदी किनारे कुछ लोग काट पत्ती जुआ खेल रहे है, सूचना मिलते ही मगरलोड पुलिस ग्राम छिपली नदी के पास जाकर घेराबंदी कर ताश पत्ती से जुआ खेलते 4 आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए जुवारी में 1 शंकर दीवान पिता हिरामन दीवान उम्र 23 साल ग्राम मोहंदी, 2 चुम्मन लाल सेन पिता अवध राम उम्र 35 साल ग्राम लुगे,



3 बाबुलाल साहू पिता सुदामा साहू उम्र 35 साल ग्राम लुगे, और 4 अवध राम साहू पिता स्व. नंदराम साहू उम्र 55 वर्ष ग्राम छिपली थाना मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.) का रहने वाले हैं जिनके पास से कुल नकद रकम 2170/ रूपये व 52 पत्ती ताश जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना मगरलोड के अपराध क्र.127/24 धारा 3(2)(छग0) जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरा मामला ग्राम कोरगांव के कमार पारा का है जहां पर संतराम पहरिया द्वारा अपने बाड़ी में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया,जिसके पास से 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000/ रूपये एवं बिक्री रकम 230/ रुपये, कुल 2230/ रूपये जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया,अपराध क्र.128/24 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड निरी.राजेश जगत,प्रआर.वीरेंद्र चंद्राकर,गजेंद्र साहू,धर्मेन्द्र साहू,नरेन्द्र बंजारे,आर.गज्जू साहू,राकेश साहू, धर्मेंद्र साहू, विमल साहू एवं मगरलोड पुलिस स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मां कर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई

# कर्मा जयंती में बखरूटोला पहुंचे भाजपा के नेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 7 अप्रैल।** भक्त माता कर्मा जयंती के आयोजन पर आज भाजपा के दिग्गज नेता एमडी ठाकुर एवं चंद्रिका प्रसाद डडसेना ग्राम बखरूटोला पहुंचे। ग्राम में मां कर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्रामीण साहू समाज के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम में ग्राम की माताओं एवं बहनो के द्वारा सर्वप्रथम ज्योति कलस एवं शोभा यात्रा गांव की प्रमुख गलियों से होते हुए निकाला गया। शोभायात्रा के दौरान समाज के प्रमुख सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा माता शीतला के मंदिर में पूजा पाठ कर शोभा यात्रा को आगे बड़ाया गया। शोभायात्रा के पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों के द्वारा भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन में मां कर्मा की पूजा आरती कर खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाया गया। पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात



अतिथियों का उद्बोधन हुआ। मुख्यातिथि के आसंदी से बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि साहू समाज के लोग अपने काम के प्रति काफी मेहनती, लगनशील और ईमानदार होते है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में खेती किसानी के मामले में साहू समाज के लोग सबसे आगे है। सरकारी नौकरी और व्यापार व्यवसाय से लेकर अन्य कार्यों में भी आज साहू समाज काफी आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों की मांग पर एमडी ठाकुर ने ग्राम बखरूटोला में हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी स्कूल की संयुक्त भवन, पोस्ट मैट्रिक हास्टल, आमगांव से बखरूटोला, भरीटोला से बखरूटोला, व्यवसायिक परिसर सहित विभिन्न मांगो की पूरी कराने हेतु ग्रामीणों को राजधानी रायपुर ले जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों से मिलवाने की बाते कहते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी समय में उनकी सभी मांगो को राज्य सरकार के माध्यम से पूरा करवाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने भक्त माता कर्मा एवं साहू समाज के संदर्भ में विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एमडी ठाकुर के साथ मिलकर वे ग्राम बखरूटोला के विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। विशेष अतिथि मंडल कल्लूबंजारी के संचालक डा.सुरेश साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन चरित्र एवं साहू समाज की सामाजिक व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए साहू समाज को एक बड़ा और संगठित समाज बताया। कार्यक्रम के संचालक एवं ग्रामीण साहू समाज के सचिव जाकेश साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलस सजावट में प्रथम पुरुस्कार तीन सौ एक रुपए, द्वितीय पुरुस्कार दो सौ एक रुपए एवं तृतीय पुरूस्कार एक सौ एक रुपए ग्रामीण सुरेश उर्फ मुन्ना साहू द्वारा दिया गया। सभी कलस यात्रियों को समाजसेवी धम्मन सिंह साहू, मंडल संचालक डा.सुरेश साहू एवं ग्रामीण साहू समाज की ओर से प्रत्येक को संयुक्त रूप से तीस तीस रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा को विशाल वटवृक्ष बनाने वाले सभी महापुरुषों को नमन करता हूँ: रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छुरिया क्षेत्र के ग्राम भंडारपुर बूथ में भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव उपस्थित थे। श्री वैष्णव ने कार्यकर्ताओं कों संबोधित करते हुए कहा कि अंत्योदय एवं राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ता एक परिवार की तरह निस्वार्थ भाव से जनसेवा में लगे हुए सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को मै नमन करता हूं। 06 अप्रैल 1980 को कार्यकर्ता महाधिवेशन मुंबई में भारतीय जनता पार्टी बनी थी और इसके प्रथम अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी बने थे। श्री वैष्णव ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के जरिए पार्टी ने अपना जनाधार भारतवर्ष में बढ़ाया।1984 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सिर्फ 02 सीट ही हासिल की थी और आज विश्व के सबसे बड़े दल के रूप में 303 सीटों के साथ नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार स्थापित है। इस अवसर पर ग्राम पटेल दशरथ चंद्रवंशी,बूथ अध्यक्ष देवशिग पटेल,बृजलाल यादव, दुर्योधन साहू,नवीन निषाद,केशू साहू,बृजलाल साहू,सुकालु साहू,जगदेव चंद्रवंशी, भिखु यादव, दिग्विजय वैष्णव,श्याम रजक गैद लाल साहू,लोकेश पटेल ,श्रीमती खिलेश्वरी चंद्रवंशी,ने नमो ऐप के माध्यम से माइक्रो डोनेशन किया। राष्ट्रवादी विचारधारा, अंत्योदय के सिद्धांत व मोदी जी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है।

### चैत्र नवरात्रि के लिये निगम ने किये व्यापक प्रबंध

**राजनांदगांव 7 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुये तकनीकी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मूलभूत सेवा कार्यो के सुचारू संपादन के लिये तीन पालियो में दायित्व सौपा है। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व में पदयात्रियों की सेवा एवं सुविधा के लिये नगर निगम सीमा के सेवा पंडालो में मूलभूत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिये तीन पालियों में तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त कर्मचारी सेवा पंडालो में 24 घण्टे कार्यो का संपादन करेंगे। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि उपरोक्त कार्यो के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 8319726288 को एवं प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम मो.नं. 8319070267 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शहर के स्टालो में टैंकरो से पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के लिये प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप अभियंता श्री दीपक कुमार महला मो.नं. 8815190699 को इनके सहयोगी सुश्री सुषमा साहू मो.नं. 7828523391 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव मो.नं.9907002411 को इनके सहयोगी श्री अनिमेष चंद्राकर मो.नं. 9669011211 को, रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम मो.नं. 8319070267 को इनके सहयोगी श्री डागेश्वर कर्ष मो.नं. 8349505814 को व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। साथ ही शहर के स्टालो में टैंकरो से पेयजल व्यवस्था के लिये प्र.मोटर प्रतिपालन श्री सुरेन्द्र साव मो.नं. 9425564327 को व परिचालक श्री रविकांत साहू मो.नं. 8815190668 को दायित्व सौपा गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि सफाई व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल मो. नं. 7000425234 को प्रभारी अधिकारी तथा सहायक वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा मो.नं. 9303947901 को बनाया गया है एवं प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्र.सफाई दरोगा श्री वरूण सोनी मो.नं. 8839966872 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम मो.नं. 7587493435 को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव मो.नं. 7587160345 को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्रा मो.नं. 8319726288 को सम्पूर्ण विद्युत व्यवस्था प्रभारी एवं उप अभियंता श्री दीपक कुमार महला मो.नं. 8815190699 को व लाईनमेन श्री किशन गांवरे मो.नं. 8889653352 को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त प्रभारी एवं सहयोगी अधिकारी व कर्मचारी प्रातः से रात्रि तक तीन पाली में अपने-अपने दायित्व का निर्वाहन करेंगे।

### तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन आज डोंगर गांव में ग्राम साहू समाज मटिया,नगर साहू संघ डोंगरगांव व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें ग्राम मटिया व डोंगरगांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई तत्पश्चात सामाजिक ध्वजारोहण कर मंचीय कार्यक्रम व स्वागत समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सम्मानीय श्री भोला राम



साहू जी विधायक खुज्जी, सम्मानीय कमल किशोर साहू जी संरक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव, श्रीमती नीरा साहू जी,श्री शैलेन्द्र साहू जी उपाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव ,श्री अमरनाथ साहू जी संरक्षक तहसील साहू संघ डोंगर गाँव, श्रीमती संध्या साहू जी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगर गाँव, श्री टिकेश साहू जी अध्यक्ष जन पद पंचायत डोंगर गाँव, श्री डीकेश साहू जी पार्षद एवं संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव, श्रीमती रुक्मणी साहू जी पार्षद डोंगर गाँव, श्री महेश्वर साहू जी जिला उपाध्यक्ष, श्री भुवाल साहू जी जिला उप कोषाध्यक्ष, श्री मोहनीश साहू जी सभापति जनपद पंचायत डोंगर गाँव, श्री अंजोर साहू जी पूर्व अंकेक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव, श्री कृष्ण कुमार साहू जी वरिष्ठ समाजसेवी मटिया सहित तहसील, नगर व ग्रामीण पदाधिकारी उपस्थित थे ।

अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता का समय बीत चुका है।हॉरर और सस्पेंस से भरपूर यह फिल्म शुरुआत से दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है, लेकिन वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है।अब शैतान की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

# एण्डटीवी के कलाकारों ने भाई-बहन के अटूट बंधन के बारे में की बात

इसमें कोई शक नहीं है कि भाई-बहन का होना जीवन के सबसे अनमोल उपहारों में से एक है। भाई-बहन का बंधन बेमिसाल होता है। वे हमारे सबसे करीबी दोस्त और सबसे मजबूत प्रतिद्वंदी होते हैं, हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, कभी-कभी हमें शर्मिंदा भी करते हैं और हमेशा हमें अपना सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित करते हैं। हर साल 10 अप्रैल को नेशनल सिबलिंग्स डे मनाया जाता है। यह इस खास रिश्ते का जश्न मनाता है और हँसी एवं प्यार से भरपूर उनके साझा सफर का सम्मान करता है, जो इस दिन को एक महत्वपूर्ण अवसर बनाते हैं। एण्डटीवी के कलाकारों नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी, अटल), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, हप्पू की उलटन पलटन) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, भाबीजी घर पर हैं) ने अपने भाई-बहनों के बारे में बात की, जो उनकी ताकत के प्रमुख स्तंभ रहे हैं। एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''मेरे बड़े भाई के साथ मेरा रिश्ता बेहद खास रहा है। वे बचपन से ही मेरे रक्षक और करीबी विश्वासपत्र रहे हैं। भले ही हमारे बीच कभी-कभी लड़ाई-झगड़े, चिढ़ाना और नोंक-झोंक भी होती रहती थी, जो भाई-बहनों के बीच आम बात है, इसके बावजूद, हम हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे। मेरे जीवन में उनका प्रभाव एक बड़े भाई से कहीं ज्यादा रहा है। वे मेरे जीवन का आधार बन गए और मेरे मूल्यों एवं आकांक्षाओं को आकार दिया। बचपन से लेकर अब तक वे मेरे लिए प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। उन्होंने हमेशा ही मेरा उत्साह बनाए रखा और ऊँचाइयों को छूने एवं साधारण चीजों से संतोष नहीं करने के लिए मुझे प्रेरित करते रहे। मेरी क्षमताओं में उनके अटूट विश्वास ने मेरी नजरों में उन्हें एक आदर्श बना दिया। वे भी मेरे एक्टर बनाने का सपना देखते थे और जब मैं मुंबई



आई, तो उन्होंने हर मायने में मेरी काफी मदद की। उनके अटूट विश्वास ने मुझे प्रेरणा दी और सिखाया कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। इस सिबलिंग डे पर मैं अपने भाई के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूँगी, जिन्होंने मेरे जीवन की राह को रौशन किया। उनके प्यार, मार्गदर्शन और मुझ पर अटूट विश्वास की बदौलत ही मैं आज इस मुकाम तक पहुँच पाई हूँ। भगवान करे हमारा रिश्ता यूँ ही मजबूत बना रहे, क्योंकि यह रिश्ता भाई-बहन के बीच प्यार की ताकत और इस प्यारे-से रिश्ते की खूबसूरती का प्रमाण है।'' हिमानी शिवपुरी, जो कि एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''मैंने और मेरे भाई हिमांशु ने एक साथ कई चुनौतियों का सामना किया है और कई जीतों का जश्न मनाया है, जिन्होंने हमारे रिश्ते को और भी ज्यादा मजबूती दी है। उनकी दृढ़ता और साहस मेरे लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत रहे और मुझे याद दिलाते रहे कि मैं कभी-भी अकेली नहीं हूँ। बचपन से ही उन्होंने मेरे रक्षक की भूमिका निभाई है और अटूट समर्पण के साथ मेरी रक्षा करते आए हैं। चाहे बात मार्गदर्शन देने की हो, मदद का हाथ बढ़ाने की हो या फिर सिर्फ भरोसा दिलाने वाली मौजूदगी हो, उन्होंने हमेशा मेरी सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया है। आज मैं अपने भाई का आभार व्यक्त करना चाहूँगी, सिर्फ मेरा भाई होने के लिए ही नहीं, बल्कि उनके निःस्वार्थ प्रेम और संरक्षण के लिये भी। वे मेरे और मेरे बेटे कात्यायन दोनों के लिए एक पिता की तरह हैं। हमारे अद्भुत रिश्ते का मैं सम्मान करती हूँ और हर घड़ी मेरा साथ देने वाले भाई को दिल से शुक्रिया अदा कटी हूँ। ऐसे सदाबहार दोस्त और अविश्वसनीय सहयोगी को सिबलिंग्स डे की



हार्दिक शुभकामनाएँ।'' विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी ने कहा, ''सिबलिंग्स डे के इस खास मौके पर, में अपनी बहन शान्वी का शुक्रिया अदा करना चाहूँगी, जिसके साथ मेरा एक गहरा नाता रहा है। वह सिर्फ मेरी बहन ही नहीं है, बल्कि मेरी सहयोगी, मेरी ताकत और मेरी सबसे घनिष्ठ मित्र भी है। बचपन से लेकर अब तक हमने कई रोमांच और चुनौतियों का एक साथ सामना किया है, जिससे समय के साथ हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है। मैं जब भी मुश्किल में होती हूँ, तो शान्वी को हमेशा अपने साथ खड़ा पाती हूँ। वह मेरी तरफ मदद का हाथ बढ़ाती है और कंधे से कंधा मिलाकर मेरे बोझ को कम करती है। वह सिर्फ मेरी बहन ही नहीं है, बल्कि मेरी बेटी आद्या की गॉडमदर भी है। वह अद्भुत समर्पण एवं देखभाल के साथ आद्या का ख्याल रखती आई है।

## वॉचो एक्सक्लूसिव की 'फ्लैश' सीरीज़ अब करेगी दर्शकों का मनोरंजन




डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव, इस अप्रैल में अपनी नई रहस्यमय थ्रिलर सीरीज़, 'फ्लैश' के साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सीरीज़ में अंशुल पांडे, सागर कपूर और ख्वाहिश मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएँगे। शौर्य सिंह द्वारा निर्देशित, यह सीरीज़ एक पोर्ट्रेट फोटोग्राफर की मनोरंजक कहानी को उजागर करती है, जो एक नियमित शूट के दौरान आने वाले अप्रत्याशित मोड़ में खुद को रहस्य और धोखे के जाल में फंसा हुआ पाता है। यह मनोरंजक सीरीज़ विशेष रूप से 5 अप्रैल, 2024 से वॉचो ऐप पर उपलब्ध है। इस सीरीज़ की कहानी एक कुशल पोर्ट्रेट फोटोग्राफर वंश कुंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रहस्यमयी अक्षा चौहान के साथ अपने करियर के शिखर को चुनता है। धन मिलने के वादे से आकर्षित होकर, वंश उसके भव्य और एकांत पेंटहाउस में जाता है, लेकिन वहाँ उसे एक अशांत माहौल का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षा एक चौंकाने वाले परिवर्तन से गुजरती है, जिससे वंश की धारणा को चोट पहुँचती है। इसकी गहराई में पहुँचने पर, वंश को पता चलता है कि वह धोखे और रहस्यों से बुने एक पेचीदा जाल में फँस गया है। अब भ्रम और धोखे की भूलभुलैया में फँसे वंश को अक्षा की पहचान और खेल में शामिल भयावह ताकतों के पीछे की सच्चाई को समझना होगा। क्या वंश समय रहते अक्षा से जुड़े रहस्यों को उजागर कर पाएगा या वह उसके खेल में एक और मोहरा बनकर रह जाएगा? प्रत्येक एपिसोड के साथ, 'फ्लैश' इस उलझी हुई कहानी की परतें खोलता है, जिससे दर्शकों की साँसें थम जाती हैं और वे हर सवाल का उत्तर जानने के लिए उत्सुक होते हैं। साल 2024 में वॉचो अपने 5 साल की उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए तैयार है, जिसमें 'स्टेट वर्सेस आहूजा', 'ओह माय वाइफ!', 'लक शॉर्ट्स', 'आरंभ', 'गिलहैरी', 'एक्सप्लोसिव', 'द मॉर्निंग शो', 'मनगढ़ंत', 'अवैध' और 'जौनपुर' समेत अन्य विभिन्न शैलियों की सीरीज़ से अपने दर्शकों का मनोरंजन किया है। यह मंच अपने दर्शकों के लिए और भी अधिक रोमांचक कॉन्टेंट प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट मार्केटिंग प्रमुख सुखप्रीत सिंह ने कहा, ÷वॉचो में, हम मानते हैं कि थ्रिलर्स एक स्थायी अपील रखते हैं, जो लिंग और उम्र की सीमाओं से परे है। 'फ्लैश' की रिलीज़ के साथ, हम अपनी पिछली थ्रिलर 'स्टेट वर्सेस आहूजा' की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं।

## राजनीति में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की

ज्योति सक्सेना टिनसेल टाउन की एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो वास्तव में जो महसूस करती हैं उसे कहने से कभी नहीं कतराती हैं और अब अभिनेत्री ने अपनी हालिया और सबसे बड़ी इच्छा व्यक्त की है, और यह इच्छा कुछ ऐसी है जो कई दर्शकों के लिए एक झटका भी बन सकती है। अभिनेत्री ने राजनीति के क्षेत्र में उतरने में गहरी रुचि व्यक्त की। सक्सेना ने खुलासा किया कि राजनीति में उनकी रुचि लंबे समय से रही है। ÷मैं हमेशा से राजनीति में रुचि रखती रही हूं और मुझे लगता है कि राजनीति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखती है, जिसकी आमतौर पर कमी है। एक अभिनेत्री होने के नाते, मुझे विविध पृष्ठभूमि के लोगों से जुड़ने का सौभाग्य मिला है, और मेरा मानना है कि इस प्रदर्शन से मदद मिलेगी। मेरे अंदर हमारे समाज के कल्याण के प्रति जिम्मेदारी की गहरी भावना है। अभिनेत्री ने राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अवसर मिलने पर एक राजनीतिक दल में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। ÷अगर कोई राजनीतिक दल मुझे कोई प्रस्ताव या टिकट देगा तो



मैं उसे खुशी से स्वीकार करुगी । मैं अपने राष्ट्र की भलाई में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। अगर मुझे कभी मौका मिला तो मैं शिक्षा,महिलाओं के अधिकारों और यहां तक कि जानवरों के अधिकारों के माध्यम से समाज के कल्याण के लिए काम करना पसंद करूंगी। ज्योति सक्सेना की राजनीति में परिवर्तन की आकांक्षा समाज की सेवा करने और देश के विकास में योगदान देने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपने जुनून, संकल्प और समर्पण के साथ, उनका लक्ष्य भारत और उसके नागरिकों के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में एक सार्थक प्रभाव डालना है।

## भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत को पेश करती फिल्म 'बंगाल-1947'

**रायपुर**. दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्माता सतीश पांडे और आकाशादित्य लामा द्वारा निर्देशित की नई फिल्म ÷बंगाल 1947÷ को युवा दर्शकों ने सराहा है और 'क्रू' और 'गॉडजिला' जैसी ए लिस्टेड फिल्मों के साथ रिलीज होने के बावजूद यह फिल्म लोगों की पसंद बनी हुई है। ÷बंगाल 1947÷ 29 मार्च को रिलीज हुई है। इस फिल्म के निर्माताओं में सतीश पांडे, ऋषभ पांडे और आकाशादित्य लामा शामिल हैं। दर्शकों से मिली प्रतिक्रिया के बारे में बताते हुए, सतीश पांडे ने कहा, ÷देवोलीना भट्टाचार्जी अभिनीत इस फिल्म ने युवा दर्शकों के बीच अभूतपूर्व प्रतिक्रिया पैदा की है, और ये युवा शबरी और मोहन के बीच की प्रेम कहानी से मंत्रमुग्ध हैं। दिलचस्प बात यह है कि डेटिंग ऐप्स के माध्यम से प्यार खोजने की आदी इस पीढ़ी को, फिल्म में दिखाया गया पुराने ज़माने का रोमांस बेहद निजी लगता है और वे उससे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। वह आगे कहते हैं, ÷एक निर्माता के रूप में यह मेरी और ऋषभ (जो एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता हैं) की पहली फीचर फिल्म है, और हमें जो जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, वह स्टोरीटेलर के तौर पर हमारी सफलता का सच्चा प्रमाण है। इस दिलचस्प फिल्म निर्माण यात्रा में टीम से जो सराहनीय सहयोग मिला, उसके लिए मैं टीम के सभी सदस्यों का बेहद आभारी हूं। हालांकि विशिष्ट विषय पर केंद्रित सिनेमा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन इससे हमें ऐसी फिल्में बनाने की प्रेरणा मिलती है जो बदलाव लाती हैं, महत्वपूर्ण सामाजिक मूल्यों को सामने लाती हैं और सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती हैं। मैंने यह फिल्म व्यावसायिक उद्देश्य या पैसा कमाने के लिए के लिए नहीं बनाई है, बल्कि इसलिए बनाई है कि लोग हमारे इतिहास के बारे में जानें। मैं पिछले 5 वर्षों से एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जूरी का सदस्य रहा हूं और हमेशा एक बहुत ही अलग विषय पर फिल्म बनाना चाहता था। दर्शकों से ÷बंगाल 1947 देखने की अपील करते हुए, श्री पांडे ने बताया कि ÷यह फिल्म हमारे देश की संस्कृति को सराहने और अपनी जड़ों से जुड़ने का एक अवसर देती है। हमारा इतिहास एक मूल्यवान संपत्ति है, और इसे समझना और इससे सीखना ज़रूरी है। इस फिल्म का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय संस्कृतियों से प्रभावित युवा वर्ग में भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि और गहराई के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। ÷बंगाल 1947÷ एक अद्वितीय परिप्रेक्ष्य पेश करती है जो दुनिया को प्रेरित कर सकती है।



## सोनी सब पर 'वागले की दुनिया' में, सखी ने स्वच्छ हवा के लिए आवाज़ उठाई

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' वागले परिवार के दैनिक संघर्षों को दर्शाते हुए, आम आदमी के सामने आने वाली रोज़मर्रा की चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। हाल के एपिसोड्स में, सखी (चिन्मयी साल्वी) पास में चल रहे एक निर्माण में नियमों का पालन न होने और इस वज़ह से वायु गुणवत्ता के खराब होने से परेशान हो जाती है। वह न्याय पाने के लिए बिल्डर्स के खिलाफखड़ी होती है और सबूत के तौर पर अपनी न्यूज़ वेबसाइट पर एक वीडियो अपलोड करती है। आगामी एपिसोड्स में, इस प्रोजेक्ट में हर्षद (अमित सोनी) की भागीदारी सामने आती है, जिससे यह हालात राजेश (सुमीत राघवन) के लिए दुविधा पैदा हो जाती है, कि वह अपने दोस्त का समर्थन करे या सखी के साथ खड़ा हो। शुरुआत में हर्षद का पक्ष लेते हुए, राजेश ने सखी से हर्षद को नुकसान से बचाने के लिए वीडियो को हटाने का आग्रह किया, और वह मान गई। हालांकि, वागले परिवार को बाद में बोरीवली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्त्क्क्ष्) पर असर का एहसास हुआ। समझदारी भरी कोशिश करते हुए, वे हर्षद को बिल्डर के खिलाफखड़े होने के लिए मनाते हैं, और अंततः न्याय की इस लड़ाई में सखी का साथ देते हुए, बिल्डर के गलत अभ्यासों पर रोक लगाते हैं। सखी वागले की भूमिका निभाने वाली चिन्मयी साल्वी ने कहा, ÷बड़ी लहरों के खिलाफअकेले खड़ा होना डरावना हो सकता है, लेकिन इन्हीं पलों में हमारी असली ताकत की परीक्षा होती है। सखी का सफर उस साहस का बड़ा उदाहरण है, जिसकी आवश्यकता किसी को ऐसे हालातों के खिलाफदृढ़ता से खड़े होने के लिए होती है, भले ही उसे विरोध का सामना करना पड़े। यह हमेशा व्यक्तिगत हितों के स्थान पर बड़े समुदाय के लिए सामान्य भलाई को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है।÷



## युक्ति और डीजे के भिड़ने से सोनी सब के 'वंशज' में तनाव बढ़ गया

सोनी सब का शो 'वंशज' युविका (अंजलि तत्रारी) के इर्द-गिर्द घूमता है, जो पारिवारिक व्यवसाय में योग्यता-आधारित विरासत का समर्थन करके पारंपरिक पारिवारिक मानदंडों को चुनौती देती है, जिससे महाजन साम्राज्य में संघर्ष छिड़ जाता है। हालिया एपिसोड्स में, डीजे (माहिर पांधी) को उस संदिग्ध व्यक्ति की आंखों की तस्वीर मिलती है, जो दादाबाबू (पुनीत इस्सर) को एम्बुलेंस में ले गया था। उस व्यक्ति को पकड़ने के लिए डीजे ने होली पार्टी में रेटिना स्कैनर लगाया। इस बीच, युक्ति (अंजलि तत्रारी) अपनी माँ भूमि (गुरप्रीत कोहली) की उनकी बेटी के साथ होली खेलने की इच्छा को पूरा करने के लिए उत्सुक है। पार्टी में अपनी माँ को देखकर युक्ति भावुक हो जाती है और उन्हें अपनी असली पहचान बताती है। आगामी एपिसोड्स में, तनाव बढ़ जाता है, क्योंकि डीजे भूरी आंखों वाली रहस्यमय लड़की की तलाश तेज़ कर देता है। वह अपनी माँ गार्गी (परिणीता सेठ) को अपनी चिंता के बारे में बाताता है, लेकिन उसका ध्यान अपनी बेटी मिराया (गीतांजलि मंगल) और डीजे द्वारा नियुक्त सिक्योरिटी गार्ड निखिल (आर्यन अरोड़ा) के बीच के रोमांटिक पलों के कारण भटक जाता है। डीजे और कोयल के सगन समारोह की तैयारियों के दौरान, भूमि और युक्ति एक-दूसरे को गुप्त रूप से देखती हैं, जो एक योजना के सामने आने का संकेत है। उथल-पुथल के बीच, एक अज्ञात व्यक्ति छाया में छिपा है, जिससे साज़िश के माहौल और बढ़ जाता है। युक्ति का डीजे और कोयल की शादी को रोकने का दृढ़ संकल्प मजबूत हो जाता है, और वह रूही (शीना बजाज) के अपने बच्चे के साथ चुपचाप भागने की कोशिश को उजागर करती है। घटनाक्रमों के एक अप्रत्याशित मोड़ में, युक्ति एक शक्तिशाली गठबंधन बनाते हुए, रूही को अपनी असली पहचान बताती है। युक्ति मुल्तानी का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी कहती हैं, ÷युक्ति की असली पहचान उजागर करने के लिए डीजे की निरंतर कोशिश, और अपनी माँ की इच्छा को पूरा करने की युक्ति की इच्छा के कारण उसे कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, उसके दृढ़ संकल्प ने उसे लगातार डीजे की योजनाओं को मात देने में सक्षम बनाया है। रूही के सामने युविका के रूप में अपनी असलियत सामने लाने पर विचार करते हुए, युक्ति को डीजे के खिलाफएक शक्तिशाली गठबंधन बनाने का अवसर दिखता है।



## आयुषी खुराना और कशिश दुग्गल ऑफस्क्रीन हैं पक्की सहेली

सोनी सब का 'आंगन अपनों का' पल्लवी शर्मा (आयुषी खुराना) की कहानी दिखाता है, जिसका शादी को लेकर अनोखा नज़रिया है और उसका मानना है कि शादी के बाद किसी महिला की ज़िम्मेदारी उसके माता-पिता के घर से बदलकर उसके विवाहित घर की ओर नहीं करनी चाहिए। आकाश अवस्थी (समर वरमानी) के साथ शादी के बाद से, पल्लवी अपनी सास अपर्णा अवस्थी (कशिश दुग्गल) का प्यार और स्वीकृति हासिल करने की कोशिश कर रही है, हालांकि उसका मानना है कि पल्लवी का एकमात्र मकसद उसके बेटे को उससे दूर ले जाना है।

भले ही शो में पल्लवी और आयुषी के बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता है, लेकिन ऑफ़-स्क्रीन सास-बहू की यह जोड़ी साथ-साथ है। सेट पर पक्की सहेली के रूप में प्रसिद्ध, इस जोड़े को अक्सर खूब बातचीत करते, खाना साझा करते और यहां तक कि सेट से घर तक साथ सफर करते हुए भी देखा जाता है। जब भी आयुषी अपना टिफिन घर पर भूल जाती हैं, तो अपर्णा प्यार से उनके लिए ज्यादा भोजन पैक कर लेती हैं। इसके अलावा, जब भी पल्लवी की तबीयत ठीक नहीं होती, तो अपर्णा यह सुनिश्चित करती हैं कि वह समय पर खाना खाए और उन्हें उचित आराम मिले। उनका



कनेक्शन उनके सोशल मीडिया पर भी दिखाई देता है जहां दोनों एक साथ कई डांस रील और गूफी तस्वीरें पोस्ट करती हैं। अपर्णा की भूमिका निभाने वाली कशिश दुग्गल कहती हैं, ÷आयुषी के साथ मेरा रिश्ता वाकई मिरर इमेज की स्थिति है क्योंकि हमारा बॉन्ड वास्तविक है। यह एक–दूसरे को लेकर सच्ची समझ और सम्मान पर बना है, जो कि काफी दुर्लभ है। आयुषी केवल सह-कलाकार बस नहीं हैं; वह मेरी अच्छी समर्थक भी हैं, हमेशा शांत और संयमित रहती हैं, किसी भी चीज और हर बात पर ध्यान देने के लिए तैयार रहती हैं। हम जो समय साथ बिताते हैं, चाहे काम पर हो या घर वापस जाने के सफर पर हो, वह अनमोल है, हर किसी से निर्बाध है। यह एक खूबसूरत बंधन है, जिसे मैं दिल से अपना मानती हूं। हमारे ऑन-स्क्रीन किरदार वास्तव में प्रतिद्वंद्वी हैं, लेकिन हमारा ऑफ़-स्क्रीन सौहार्द वाकई चमकता है। पल्लवी की भूमिका निभाने वाली आयुषी खुराना कहती हैं, ÷शो में मेरी सास की भूमिका निभाने वाली कशिश के साथ मेरा बहुत खास रिश्ता है। मेरे इतने साल के एक्टिंग करियर में, मैं कभी किसी ऐसे व्यक्ति से नहीं मिली जिससे मैं उनके जितनी सहजता से जुड़ सकूं। जो बात हमारे बॉन्ड को वास्तव में अद्भुत बनाती है वह हैं हमारे सफर की कहानियां। जब भी हम एक साथ घर वापस जाते हैं, तो अंतहीन हंसी, गपशप और उत्सारी से भरी ऊर्जा होती है। लेकिन मस्ती के अलावा, हम अपने जीवन के बारे में गंभीरता से बातचीत भी करते हैं। मुंबई जैसे व्यस्त शहर में, कशिश जैसा दोस्त पाना किसी वरदान से कम नहीं है। हमारे ऑनस्क्रीन किरदारों में विरोधाभास के बावजूद, हमारी दोस्ती पवित्र है और हम हमेशा एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

## अपने प्यारे पेट्स से सीखिए जिंदगी के बेहतरीन सबक

पेट्स या पालतू पशु हमारे परिवार के बेहद प्यारे सदस्य होते हैं, जो हमारे दिन को प्यार, खुशियों और अपनेपन से भर देते हैं। उनकी ईमानदारी और लगाव हमें निःस्वार्थ प्यार की खूबसूरती की याद दिलाते हैं। नेशनल पेट डे का जश्न मनाते हुये एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने पेट्स और उनके अूटट प्रेम एवं वफादारी के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं: राहुल जेठवा ('अटल' के अवध बिहारी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी)।

राहुल जेठवा जो कि 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''पेट्स हमें ढेर सारी खुशियां देते हैं। हमारे काम से घर लौटने पर दरवाजे पर उनके स्वागत से लेकर मुश्किल दिनों में अपनी सांत्वना देने वाली मौजूदगी तक, हमारे ये प्यारे साथी ढेर सारे प्यार एवं खुशियों से हमारे हर दिन को भर देते हैं। मेरे पास सात्विक नाम का डॉगी है। उसका नाम आध्यात्मिकता से जुड़ा है और वह मेरे आध्यात्मिक सफर का आईना है। उसने मेरी जिंदगी में उस समय कदम रखा, जब अपनी बहन की शादी के बाद मैं बेहद अकेलापन महसूस कर रहा था। उसने अपने प्यार और अपनत्व से उस खालीपन को भर दिया, जो मुझे मेरी बहन की याद दिलाता था। हमारे पास एक फिश टैंक भी है, जो बेहद मनमोहक है। हम उस टैंक में मछलियो को तैरते हुये देखकर घंटों बिता सकते हैं, जो एक तरह से तनाव भगाने वाला अनुभव है। इन दोनों से कई बातें सीखी जा सकती हैं। डॉग्स हमें वफादारी, छोटे-छोटे पलों में खुशियों और निश्छल प्यार के बारे में सिखाते हैं, जबकि मछलियां हमें



परिवर्तनशीलता एवं सामंजस्य के बारे में सिखाती हैं, जिससे आपको लचीलापन लाने, सामुदायिक भावना जगाने और कई अन्य चीजों में मदद मिल सकती है।''

गीतांजलि मिश्रा, जो कि 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार अदा कर रही हैं, ने कहा, ''दिन भर का मेरा सबसे आनंददायक और खुशनुमा पल होता है, अपने पेट 'बम बम' के साथ खेलना और उसे गले लगाना। वह जब आस-पास होता है, तो मैं बहुत खुश रहती हूँ। वह बहुत चुलबुला और जोश से भरपूर है। मैंने अपने प्यारे भगवान शिव से प्रेरित होकर उसका नाम 'बम बम' रखा है। पेट्स हमारी आत्मा को सुकून पहुंचा सकते हैं और हमारे दिन को खुशियों को भर सकते हैं, फिर चाहे वह प्यारी-सी बिल्ली हो या चुलबुला डॉगी। हमें जो सबसे अच्छी बात वो सिखाते हैं, वह है माफ कर देना। उनमें माफ कर देने की कमाल की क्षमता होती है, फिर चाहे हमने उनके साथ कितना भी रूखा व्यवहार क्यों न किया हो। दूसरी चीज है उनका निःस्वार्थ प्यार-वो हमें बिना किसी स्वार्थ के प्यार करते हैं, हमारी कमियों या गलतियों को नजरअंदाज करके। वो हमें सिखाते हैं कि हमें अपना दिल बड़ा रखना चाहिये, दूसरे को पूरे दिल से प्यार करना चाहिये, बिना किसी जजमेंट के। वो हमें समानुभूति, दया भाव रखना और हर किसी को स्वीकार करना सिखाते हैं।'' विदिशा श्रीवास्तव, जो कि 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''मेरा मानना है कि हम पेट्स को नहीं चुनते, बल्कि वे हमें चुनते हैं। इस सच्चाई को मैंने उस समय बेहद करीब से महसूस किया, जब तीन साल पहले मैंने अपने घर पर एक डॉग का स्वागत किया और यहीं से हमने एक साथ दिल छू लेने वाले सफर की शुरूआत की। उसके सफेद बालों और मनमोहक आँखों को देखकर हमने उसका नाम 'फॉक्सी' रखा, जो एक सफेद फॉक्स के जैसा है। उसके चुलबुले व्यक्तित्व ने हमारे जीवन में अनगिनत खुशियाँ भर दीं। वह हमेशा मेरे पास आ जाता है और जब तक उसकी माँग पूरी नहीं हो जाती, मुझे लाड़ करके मनाता रहता है। मैं उसके साथ खूब मौज-मस्ती करती हूँ। वह मेरे लिये एक अल्टीमेट स्ट्रेस रिलीवर की तरह है और मेरा प्यारा सा साथी है, जो मेरे हर दिन को ढेर सारे प्यार और खुशियों से भर देता है। पेट्स हमारी जिंदगी को और भी खुशनुमा बना देते हैं, हमें एकजुटता व समानुभूति का पाठ सिखाते हैं और हर पल को जीने की अहमियत बताते हैं। वर्ल्ड पेट डे पर, आइए इंसानों और उनके पेट्स के बीच के इस बेमिसाल बंधन का जश्न मनायें।''

## बढ़ जाएंगी पल्लवी की मुसीबतें

सोनी सब का 'आंगन अपनों का' एक सिंगल पिता जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) और उनकी तीन बेटियों तन्वी (अदिति राठौर), दीपिका (नीता शेट्टी) और सबसे छोटी पल्लवी (आयुषी खुराना) के प्रति उनके निःस्वार्थ प्यार की दिल छू लेने वाली कहानी दर्शाने वाला एक पारिवारिक शो है। नवीनतम घटनाक्रमों में, पल्लवी जयदेव द्वारा आंगन हाउस को गिरवी रखकर 50 लाख रुपये का लोन लेने के पीछे का सच पता लगाने की कोशिश करती है। जैसे-जैसे उसकी चुनौतियां बढ़ती हैं, एक चालाक रियल एस्टेट एजेंट पप्पी मेहरा (अश्विन कौशल) के आने से न केवल अवस्थी और शर्मा दोनों परिवारों को खतरा होता है, बल्कि पल्लवी की मुश्किलें भी बढ़ जाती हैं। अपनी नकारात्मक भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध, अभिनेता अश्विन कौशल हमेशा पैसे के बारे में सोचने वाले एस्टेट एजेंट, पप्पी मेहरा की भूमिका निभा रहे हैं। वह काफी चतुर और भौतिकवादी पंजाबी डीलर है, जो न केवल संपत्तियों का, बल्कि हर उस चीज का सौदा करता है, जिससे उसे पैसा मिले। इस शो में उसके आने से उथल-पुथल मच जाएगी, क्योंकि वह अवस्थी और शर्मा परिवार को धोखा देने के मिशन के साथ आएगा। जब पल्लवी कोई समाधान खोजने और दोनों परिवारों को पप्पी मेहरा की धोखेबाजी से बचाने की कोशिश करेगी, तो वह उसके लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाएगा। पप्पी मेहरा का किरदार निभाने वाले अश्विन कौशल ने कहा,÷मैं बेहतरीन अवधारणा वाले इस शानदार शो का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सबसे बड़ी बात जो मुझे पसंद आई, वह इस शो में मेरा पप्पी मेहरा का किरदार है। मेरा झुकाव हमेशा नकारात्मक भूमिकाओं की ओर रहा है, क्योंकि इसमें मुझे स्वाभाविक रूप से मज़ा आता है। इस किरदार के विभिन्न पहलू और गहराइयाँ ही मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। मुझे नकारात्मक भूमिकाएं निभाना पसंद है और यह किरदार शो में आते ही तूफान मचा देता है, और पल्लवी की मुश्किलों को और भी बढ़ा देता है। इससे यह एक अवश्य देखने वाला शो बन जाता है, जिसमें आने वाले ढेरों उतार-चढ़ाव को दर्शक पसंद करेंगे।



## काबिल का पोस्टर हुआ रिलीज

आज की दुनिया में संगीत दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने और भावनाओं को जगाने की क्षमता के साथ स्थायी प्रभाव छोड़कर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक आवश्यक भूमिका निभाता है. संगीत की दुनिया की नवीनतम पेशकश में, अभिनेत्री डेलबार आर्य और बिग बॉस ओटीटी फेम प्रतीक सहजपाल काबिल नामक वर्ष का ब्रेकअप एंथम लेकर आए हैं. डेलबार आर्य, जो अपने मंत्रमुग्ध प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं, ने चार्ट-टॉपिंग ट्रैक डाउनटाउन में गुरु रंधावा के साथ अपने सहयोग के लिए भी काफी प्रशंसा हासिल की है. आर्या ने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. अब, वह करिश्माई प्रतीक सहजपाल के साथ इस बार फिर से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है. डेलबार ने अपने सोशल मीडिया पर गाने का पोस्टर अपने प्रियजनों के साथ साझा किया, पोस्टर में हम देख सकते हैं कि डेलबार और प्रतीक पोस्टर में स्टेबिन बेन के प्यार में पागल हो रहे हैं. गाने का निर्देशन इमरान शेख ने किया है, गाने के बोल ईमान ने दिए हैं, संगीत गुरमीत सिंह ने दिया है और निर्माता वीरेंद्र भल्ला और शिवांग शर्मा हैं. अपना अनुभव साझा करते हुए डेलबार कहती हैं, ÷काबिल एक सुपर रोमांटिक लेकिन दिल तोड़ने वाला ब्रेकअप सॉन्ग है. यह गाना लवबर्ड्स और उनकी जटिलताओं और विश्वासघात के बारे में है. लेकिन गाने की धुन स्टेबिन बेन ने दी है और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह गाना आपको आपके विश्वासघात की याद दिलाएगा. काबिल सिर्फ एक और संगीत वीडियो नहीं है; यह एक दृश्य कृति है जो दुनिया भर के दर्शकों के दिलों को छू लेने का वादा करती है. स्टेबिन बेन द्वारा ट्रैक को अपनी भावपूर्ण आवाज देने के साथ, यह गीत श्रोताओं के बीच गहराई से गूंजने के लिए तैयार है, जो प्यार, हानि और लचीलेपन के बारे में एक शक्तिशाली संदेश देता है. डेलबार आर्य और प्रतीक सहजपाल की केमिस्ट्री शानदार है, जो ऑन-स्क्रीन गतिशीलता का वादा करती है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी. वर्ष का हृदयविदारक गीत काबिल के अनावरण के लिए तैयार रहें. काम के मोर्चे पर, डेलबार आर्य ने भी रिकॉर्ड तोड़ दिया और अपनी पंजाबी फिल्म दमदा की शूटिंग केवल 23 दिनों में पूरी कर ली. इसके अलावा अभिनेत्री के पास कई प्रोजेक्ट भी रिलीज होने वाले हैं.



# प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की ली शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 अप्रैल।** कलेक्टर हरिस एस. के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी लक्ष्मण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सुकमा स्थित स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु संचालित सक्षम कोचिंग में अध्यनरत अभ्यर्थियों ने लोक सभा निर्वाचन 2024 में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष, भयमुक्त, अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर सक्षम कोचिंग संस्था के सहायक धर्मेंद्र कोठारी, शिक्षक टिकेंद्र चंद्राकर, शिक्षक योगेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक दिलीप कुमार मारकण्डे सहित अभ्यर्थी एवं संस्था के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सक्षम कोचिंग क्लासेस में हॉस्टल वार्डन की निशुल्क क्लासेस 01 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। हॉस्टल वार्डन की क्लास प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक और सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा की क्लास शाम 5:00 बजे से 8:00 बजे तक क्लास लग रही है। इच्छुक अभ्यर्थी इस दूरभाष नंबर 94791-07541 और 86024-2823 पर अथवा पुराना कलेक्ट्रेट सुकमा स्थित स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र सुकमा पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

## साइकिल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 अप्रैल।** कलेक्टर हरिस एस. के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी लक्ष्मण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने सायकल रैली निकालकर आमजनों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। आज जिला मुख्यालय सुकमा में सायकल रैली गादीरास चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैड होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समापन हुआ। रैली का मुख्य उद्देश्य स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करना था। इस दौरान सायकल और हाथों




में बैनर पोस्टर लेकर नारों की गूंज के साथ छात्र-छात्राओं अधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आम नागरिकों मतदाता जागरूकता का संदेश देकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### एक नजर



**सुकमा, 7 अप्रैल।** ग्राम पंचायत चिंतागुफा ग्राम तेमेलवाड़ा में हमारे पूर्वजो ने खुदाई, गिट्टी फोड़ कर रखा हुआ था उसे चिंतागुफा थाना का थानेदार ने मनमर्जी दबार दस्त डरवाकर ले जाया जा रहा है। गांव वालो ने नही देने का बात रखे तो थानेदार जेल भेजने का बात कर रहा है।

### लोकसभा चुनावः मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य प्रारंभ

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के द्वितीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-11 कांकेर (अजजा) के लिए मतदान 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक सम्पन्न होना है। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य किया जाना है। जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूचना पर्ची वितरण किया जा रहा है और मतदान दिवस के 05 दिवस पूर्व तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि मतदान दिवस के दिन बीएलओ द्वारा प्राप्त मतदाता सूचना पर्ची के साथ मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उक्त मतदाता सूचना पर्ची को सभी मतदाता संभालकर रखें, ईपिक कार्ड नहीं होने पर भी अन्य 12 प्रकार के पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

### अनिवार्य मतदान के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी क्रम में आज स्वीप कार्यक्रम के तहत आई. टी. आई. नरहरपुर में नोडल अधिकारी और कैंपस एम्बेसडर द्वारा संस्था स्तर पर लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु सभी प्रशिक्षणार्थियों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्यतः मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसी प्रकार ग्राम गोविंदपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को शपथ दिलाई गई एवं रैली निकालकर सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एसेबेड़ा एवं कापसी में भी विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

### कोकावाड़ा में 35 लोगो ने किया भाजपा प्रवेश

# क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए भाजपा को जिताना आवश्यक : महेश कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 अप्रैल।** आज बस्तर लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी महेश कश्यप ने चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के कुकानार, तोंगपाल, कोकावाड़ा, डिलमिली सहित कई कगांवों में दौरा एवं जनसंपर्क कर समर्थन मांगा! आज भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर सभाओं की शुरुआत उन्होंने भाजपा कार्यालयों में ध्वजा रोहन कर करते। कश्यप ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी जनसेवा के लिए समर्पित पार्टी है। इस पार्टी का हर सदस्य देशप्रेम एवं राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओत प्रोत है। उन्होंने इस मौके पर पार्टी के सभी पितृपुरुषों को स्मरण कर उन्हे नमन किया साथ यह भी कहा यदि भाजपा न होती तो आज पृथक छत्तीसगढ़ राज्य भी नही होता और न बस्तर आज विकास के मार्ग से जुड़ पाता।

उन्होंने कहा अभी हाल में ही विधानसभा चुनाव संपन्न हुए जिसमे आप



सभी ने भारी मतों से भैया विनायक गोयल को जिताते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार बनाया है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 100 दिन में गारंटी के साथ कई काम पूरा किया। लगातार आने वाले समय के और भी विकास कार्यो की बौछार आप सभी के बीच होगी यह सब भाजपा के कारण ही संभव है। इस बार आप भी जनता को 19 तारीख को तय करना है कि घोटालेबाज लोगो को सांसद बनाकर घोटाला करवाना है या विकास करने वाली संगठन के व्यक्ति को जीताकर क्षेत्र का तीव्र गति से विकास करवाना है। आप सभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार प्रधानमंत्री पद पर बिठाने का कार्य करेंगे यही आप सभी से आग्रह करता हूँ। इस दौरान चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि पिछले 15 साल छत्तीसगढ़ में राज करके भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित बस्तर का विकास किया है, वही 5 साल राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने सिर्फ भ्र्ष्टाचार किया है। आप सभी ने मुझे विधायक बनाया है अब आपको सांसद बनाना है जिससे कि डबल इंजन के साथ विकास हो सके। डबल इंजन सरकार बनेगी तो तेज गति से आपके क्षेत्र का विकास होगा। और इस स्पीड की रफ्तार बढ़ाने के लिए आपको कमल छाप पर 19 तारीख को बटन दबाना है और महेश कश्यप को जिताना है। इस दौरान कोकावाड़ा में 35 लोगो ने भजापा प्रवेश किया है। सभी का गमछा एवं पुष्प हार द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान शक्ति सिंह चौहान, सुखदेव नाग, विकास भदौरिया, मंगला बघेल, सुनिल गुप्ता, सुखदेव नाग, आयतु कोराम, मनीराम, उमा शंकर चक्रधारी, जगतु ठाकुर, सहित अन्य मौजूद थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

# निर्वाचन में मतदान दायित्व को सरल तरीके से सम्पादित करने के लिए बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करेंः सीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 अप्रैल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि निर्वाचन में मतदान दायित्व को सहज एवं सरल तरीके से सम्पादित करने हेतु बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस दौरान मतदान सम्बन्धी प्रत्येक पहलुओं की जानकारी लेने के साथ ही ईव्हीएम हेंडआन करना, मतदान आरंभ करने के पूर्व की तैयारी, माकपोल सहित शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने सहित सभी प्रपत्रों को सतर्कतापूर्वक प्रतिपूरित करना इत्यादि का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले शनिवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जगदलपुर में मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी एक, दो एवं तीन का उत्साहवर्धन



कर रहीं थीं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को यूट्यूब में अपलोड निर्वाचन प्रशिक्षण सम्बन्धी वीडियो का अवलोकन कर प्रत्येक बिंदुओं की जानकारी लेने की समझाइश दी। उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्रों पर मतदान करवाने वाले संगवारी मतदान दलों के महिला अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि नारीशक्ति स्वयं शक्तिस्वरूपा है।जिसे प्रकृति ने अपार शक्ति दी है जो हर कार्य को शांत और सौम्यता के साथ सिद्ध कर दिखाती है। उन्होंने संगवारी मतदान दलों को बिना डरे पूरे आत्मविश्वास के साथ निर्वाचन दायित्व को सम्पन्न कराने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण हेतु मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा तैयार कम्प्यूटर पॉवर पाइंट प्रस्तुति, ईव्हीएम हेंडआन करने सम्बन्धी जानकारी, वाट्सअप के माध्यम से शंका समाधान इत्यादि को बेहतर प्रशिक्षण के लिए जरूरी निरूपित करते हुए इसे सराहा। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र का भी अवलोकन कर मतदाताओं की सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु स्थापित हेल्प डेस्क को सराहनीय प्रयास निरूपित किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के., सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कोंटा मंडल ने चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने बनाई रणनीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंटा, 7 अप्रैलल।** कोंटा मंडल में आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत से प्रदेश संगठन द्वारा दी गई कार्यशाला पर विशेष चर्चा करते हुए सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। हमे प्रत्येक कार्यकर्ता का उसकी योग्यता के अनुसार कार्य विभाजित करना है। कार्यकर्ता सभी धार्मिक, सामाजिक, स्व सहायता समूह तक पहुंचे बूथों में लाभार्थी सम्मेलन करवाएं।

बूथ सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आदेश है कि हमें 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चलना है। लोकसभा चुनाव में हमे जो भी जिम्मेदारियां दी मालती है उसे बूथ स्तर तक जाकर पूरा करना है। हर कार्यकर्ता को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का पालन लोकसभा चुनाव में भी करना है।और कई सारे विषयों पर विचार विमर्श करते हुए वोट प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री कोरसा सन्नू, जिला उपाध्यक्ष पी.विजय नायडू, जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, सह मीडिया प्रभारी समीर कीर्तन्य, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अन्नू बोग्गाम मंडल अध्यक्ष साई रेड्डी, वरिष्ठ नेता वेंकटरमण रेड्डी जी, राजा बाबू गुरु, जी.गंगाचलम, पी.कृष्ण कुमारी, जी.नागमणि, परितला रामबाबू, मंडल महामंत्री मडकम विजय, पार्षद सलवम रामल्लम्मा, देव आशीष राय, सुनीता, आशा हालदार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमितेश सिंह, जिला महामंत्री पूर्णा चंद नायडू, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, बोला, अरविंद गुप्ता, अरुण गुप्ता, उत्तम मालिक के साथ साथ सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 अप्रैल।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशन में अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा तथा समिति के सदस्य की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में सुकमा जिले के परंपरा अनुरूप शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने की अपील की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही धारा 144 लागू है। किसी भी पर्व को



राजनैतिक रूप से ना मनाया जाए। सभी प्रकार के आयोजनों तथा रैली, जुलुस के लिए संबंधित अधिकारी से अनुमति अनिवार्य रूप से लिया जाए।

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सदभाव के साथ रामनवमी मनाने का निर्णय लिया। अपर कलेक्टर ठाकुर ने कहा कि रामनवमी आपसी भाईचारे का है। उन्होंने शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिलेवासियों से सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस बल के साथ ही समिति के सदस्यों से पर्याप्त संख्या में वालंटियर की व्यवस्था करने को कहा। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में देने की भी अपील आमजनों से की गई है। उन्होंने एमरजेंसी सेवाओं एवं राहगीरों को यथा शीघ्र गतव्य तक पहुचने के लिए मार्ग देने की बात कही।

लाउड स्पीकर की मानक डेसीबल को ध्यान में रखते हुए उपयोग में लाने को कहा। साथ ही सभी की धार्मिक भावनाओं को सम्मान करने को कहा। शोभायात्रा निकालने के पूर्व रूट चार्ट तथा शामिल होने वालों की संभावित संख्या उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि सभी समुदाय अपने आपस में मिलजुल कर और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं।बैठक में ध्वनि प्रदुषण, स्वच्छता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक और एसडीएम विजय प्रताप खेस्स, एसडीएम सबाब खान, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, तहसीलदार, सीएमओ व अन्य अधिकारियों के अलावा समाज के पदाधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### समाचार संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने बस्तर जिले के प्रवास पर शनिवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर निर्वाचन सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने निष्पक्ष एवं निर्विघ्न ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व सुनिश्चित किये जाने के प्रयासों को सराहनीय निरूपित किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने स्ट्रांग रूम परिसर में बेरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में कंट्रोल रूम, मतदान सामग्री वितरण के लिए आवश्यक तैयारी को देखा और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को भी निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा करने हेतु सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन तथा मतदान सामग्री वितरण हेतु व्यवस्था, मतदान केन्द्रों हेतु मतदान दलों की रवानगी के लिए वाहनों की व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु तैयार कार्ययोजना की जानकारी देते बताया कि स्ट्रांग रूम से जिले के जगदलपुर, बस्तर एवं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों सहित नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के 82 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर रवाना किया जाएगा। वहीं मतदान पश्चात उक्त सभी मतदान दलों से ईव्हीएम मशीन तथा मतदान सामग्री प्राप्त की जाएगी। उन्होंने स्ट्रांग रूम में ही मतगणना केन्द्र बनाए जाने तथा अन्य जानकारी से भी अवगत कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक तथा लोक निर्माण विभाग तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।

### निर्वाचन के लिए आपकी प्रारंभिक तैयारी अच्छी हो तो निर्वाचन कार्य सुगमता से होते है संपन्न : कंगाले



**जगदलपुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि निर्वाचन हेतु आपकी प्रारंभिक तैयारी अच्छी हो तो निर्वाचन कार्य सुगमता से संपन्न होगी। विधानसभा निर्वाचन के दरमियान बस्तर क्षेत्र के सभी विधानसभा में चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्विघ्न मतदान करवाने के साथ-साथ संभाग में मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा इसके लिए संभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित जिलों के तत्कालिक जिला निर्वाचन अधिकारियों की कार्ययोजना व निर्वाचन कार्यप्रणाली को बहुत बहुत बधाई। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन में भी आपसी समन्वय से निर्वाचन को संपादित किया जाना है। गर्मी के मौसम में इस क्षेत्र को एक अलग चुनौती का सामना करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को बस्तर जिले के जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी जिलों बस्तर, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से उनकी विधानसभावार तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में आवश्यक मानव संसाधन व अन्य व्यवस्था की जानकारी ली गई। मतदान दलों की रवानगी और वापसी की कार्ययोजना, संगवारी मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्रों, दिव्यांगजनों द्वारा संपादित की जाने वाली मतदान केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, मतदान दलों का प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की उपलब्धता, बजट की आवश्यकता सहित अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा किया गया।

### बस्तर लोकसभा क्षेत्र के जिलों से मतदान कर्मियों का किया गया रेंडमाईजेशन

**जगदलपुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन द्वितीय रेंडमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक जे. गणेशन की उपस्थिति में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में बस्तर जिले के तीनों विधानसभा के लिए मतदान केंद्रों के लिए दल, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्रों के लिए दल, दिव्यांग मतदान दल और रिजर्व मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। इसके उपरांत प्रेक्षक गणेशन द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर लोकसभा क्षेत्र के नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और कोंडागांव जिलों से मतदान कर्मियों, युवा मतदान दल, हेलीकॉप्टर से जाने वाले मतदान दल, पैदल जाने वाले मतदान दलों, रिजर्व दल सहित सामान्य मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जुड़े थे। रेंडमाईजेशन के दौरान एनआईसी कक्ष में सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, अन्य एसडीएम और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा महिला मोर्चा जुटा प्रचार अभियान में : आभा तिवारी

**राजनांदगाँव 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिये भाजपा महिला मोर्चे की कार्यकर्ता वृहद योजना लेकर प्रचार अभियान में जुट गई हैं। इसी तारतम्य में विधानसभा चुनाव प्रबंध समिति की महिला संपर्क टीम की आनलाईन बैठक हुई जिसमे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर अनेक निर्णय लिया गया।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा जिला उपाध्यक्ष व महिला संपर्क अभियान की प्रमुख आभा तिवारी ने बताया की चुनाव अभियान में महिलाओं की सक्रियता व उनकी भूमिका बढ़ाने की कवायद चल रही हैं। बैठक मैं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विशेष कर लाभार्थियों से सम्पर्क करने की योजना पर गहन विचार विमर्श हुआ और इस अभियान को पूरी ताकत के साथ पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। हर बूथ पर 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना पर भी चर्चा हुई इस हेतु महिला संपर्क टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्वच्छता अभियान,चाय पर चर्चा,हर घर में भाजपा झण्डा फहराने का अभियान को मूर्त रूप देने का फैसला लिया गया। विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन,सामाजिक बैठके व छोटी ङ्क छोटी बैठकों पर जोर दिया गया। सभी आठों विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ में महिला कार्यकर्ताओं की नियुक्ति को आवश्यक बताते हुए कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया।

### माँ कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई

**अंवरी 7 अप्रैल।** ग्राम अंवरी में शनिवार 6 अप्रैल को माँ कर्मा जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई सुबह से ही माँ कर्मा मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ लगने लगी। ग्राम के साहु समाज के लोगों ने माँ कर्मा की पूजा अर्चना में भाग लिया। 10 बजे माँ कर्मा और श्रीकृष्ण का भव्य शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाला गया। शोभायात्रा को पूरे ग्राम में घुमाया गया जहाँ सभी लोगो ने दर्शन लाभ लिया। शोभायात्रा में शामिल लोगो के लिए जगह जगह जलपान व्यवस्था रखी गई थी। गाजे बाजे की धुन में नाचते गाते चल रहे थे। महिलाओं ने अपने शिर में कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई।शोभा यात्रा का समापन माँ कर्मा मंदिर में किया गया । जिसके बाद महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया जहाँ सभी लोगो को प्रसाद में खिचड़ी हलुआ पूरी सब्जी का वितरण किया गया। ऐसी मान्यता है कि माँ कर्मा ने खुद अपने हाथों से भगवान कृष्ण ? को खिचड़ी खिलाई थी। एइसलिए खिचड़ी का प्रसाद विशेष रूप से वितरण किया जाता है।

# महिलाओं की भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र

## ९००० महिलाओं ने रंगोली, मेहंदी, खेल प्रयोगिताओं में भाग लेकर निर्भीक मतदान की ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर 7 अप्रैल।** लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका को समझते हुए मतदाता जागरूकता अभियान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता सहित रस्साकसी, कबड्डी कुर्सी दौड़ जैसे खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की कार्य योजना बनाई गई है। जिसके साकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। एसएचजी समूह की 9000 महिलाओं ने इन गतिविधियों में भाग लेकर 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निर्भीक और बिना प्रलोभन के मतदान करने की शपथ ली।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्व सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं कार्य कर रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत 1072 समूहों की 9000 महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी और आंगन और पंचायत भवन के आस पास रंगोली से शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी के लिए मतदाताओं से अपील की । महिलाएं रस्साकसी, कुर्सी दौड़, कबड्डी और ब्लाक स्तर पर क्रिकेट खेल कर अपने प्रतिनिधित्व का लोहा मनवा रही हैं।

चुनाव का पर्व , देश का गर्व

ग्राम पंचायत मुरदंडा के मरियम स्व सहयता समूह की अध्यक्ष श्रीमती प्रभावती मूंगेल जिले की सभी महिला मतदाताओं से अपील करते हुए कहती है कि सभी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी भागीदारी निभाएं।

### महिलाओं के भागीदारी बढ़ाने पहल

1156 आंगनबाड़ी केंद्रों, स्व सहायता समूह एवं बीजादुतीर स्वयं सेवकों व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिले की ग्राम पंचायतों में महिला मतदाताओं की शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने कहा कि जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं और गतिविधि में महिलाओं की भागीदारी अच्छी रही है। ग्रामीण महिलाएं आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में इनके बेहतर परिणाम नजर आएंगे।

# फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन का किया सम्मान

■ उनकी धर्मपत्नी नीलोफर बानो भी साथ रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद 7 अप्रैल।** समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन को सम्मानित किया गया है। नवा रायपुर के मेफेयर होटल में शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश की कई महत्वपूर्ण हस्ती की मौजुदगी में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के अनेक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के साथ आईबीसी के प्रमुख सुरेश गोयल के उपस्थिति में सभी समाजसेवियों को पुरस्कृत करते हुए सम्मान पत्र दे कर सम्मानित किया

ज्ञात हो कि इसके पहले छत्तीसगढ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर द्वारा भी समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जाने को लेकर गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन का सम्मान किया था ।उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन लगातार समाज सेवा के लिए सक्रिय रहते थे। चाहे गरीबों की मदद करनी हो, या दुर्घटना में शिकार घायलों को अस्पताल पहुंचना हो कई बार मेमन अपने सेवा भाव का परिचय दे चुके है। कई मर्तबा मेमन सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर उनके जीवन रक्षा की है। जिसके लिए पुलिस विभाग ने उन्हें जिले के गुड सेमेरेटन के अवार्ड से नवाजे गए है। इसके अलावा बीते पांच साल में ही कई अवसर पर इनकी सेवा भाव खुलकर दिखाई दी। कोरोना काल में आमजनों को मास्क, सेनीटाइजर, गरीबों को निशुल्क अनाज वितरण, ठंड में गरीबों को कंबल वितरण, दिव्यांग बच्चों को स्वेटर, वॉलीबॉल खिलाड़ियों को कीट वितरण करने के अलावा कई उल्लेखनीय कार्य चुके है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा की हिंदी सिनेमा तथा देश की सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के हाथो सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। बचपन से हम उनकी फिल्म देखते आए है, हिंदी सिनेमा में उनका एक अलग मुकाम है। वही समाज के लिए दिए अपने योगदान को लेकर कहा की जरूरतमंदों की मदद करने से आत्मीय खुशी मिलती है। वे खुशनसीब है कि उन्हें सेवा का अवसर मिलता हैं। आत्मीय खुशी मिलती है। आज मिले सम्मान के लिए उन्होंने सुरेश गोयल जी को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समाचार संक्षेप

### वरिष्ठ भाजपा नेता माधवराव टांकसाले सम्मानित



**महासमुंद 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के साक्षी वरिष्ठ भाजपा नेता माधवराव टांकसाले को जिला भाजपा कार्यालय महासमुंद में स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं भाजपा जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।


### पुलिस प्रेक्षक कलासागर ने मंडी स्थिति स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**गरियाबंद 7 अप्रैल।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक आईपीएस एम. राकेश चन्द्र कलासागर ने विगत शाम गरियाबंद पहुंचकर निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने गरियाबंद के मंडी परिसर पहुंचकर स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। पुलिस प्रेक्षक श्री कलासागर ने वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्ट्रांग रूम में मतदान सामग्रियों को चौबीसों घंटे कड़ी सुरक्षा निगरानी में रखा गया है। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा एवं बेरिकेटिंग सहित सुरक्षा जवान भी तैनात किए गए है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम गरियाबंद विशाल महाराणा, एआरओ द्वय अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में सिटी स्केन और सोनोग्राफी की जांच ठप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 7 अप्रैल।** मेडिकल कॉलेज में पिछले तीन माह से सिटी स्केन और सोनोग्राफी जैसे टेस्ट ठप्प हो गया हैए अब मेडिकल कॉलेज के अलग अलग विभागों के डॉक्टर भी अब जांच कराने के लिए प्राईवेट डायनोस्टिक सेंटर में भेजते है । बड़ी परेशानी इस बात को लेकर हैं कि सिटी स्केन हो जाता है तो रिपोर्टिंग के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की जरुरत होती हैए वह मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के पास डॉक्टर नहीं है। दरअसल 3 माह पहले दो विशेषज्ञ डॉक्टर मेडिकल कॉलेज में अपने बॉड का समय होने के बाद ओडिशा चले गए। इससे जांच प्रभावित हुई है। इमरजेंसी केस में मेडिकल कॉलेज यदि कोई मरीज आता है तो उन्हें प्राईवेट डायग्नोस्टिक सेंटर में भेजना पड़ता हैए वहां पर मरीजों को जो जांच सरकारी हॉस्पिटल में मुफ्त होती है उसके लिए उनको 2400 रुपए खर्च करना पड़ रहा है। तीन माह से परेशानी बनी हुई है।

कोतरा रोड स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने टाइअप कर रखा है। डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक ने बताया कि सिटी स्केन के लिए सामान्य मरीजों से 3 हजार रुपए लगता है, यदि कोई मेडिकल कॉलेज से आता है तो उन्हें 20 फीसदी का छूट दिया जाता है। इसमें वहां से आए मरीजों को 2400 रूपए खर्च होता है । इसी तरह एमआरआई के लिए भी जांच के लिए इसी तरह पैकेज बनाकर रखा गया है।

मेडिकल कॉलेज के अलग अलग विभागों के डॉक्टर्स हैए वे जांच करने के लिए मरीजों को यही सलाह देते हैं कि वह बाहर जाकर प्राईवेट डायनोस्टिक सेंटर में जांच करा ले। क्योकि वहां पर जांच होने के बाद रिपोर्टिंग होती हैए उससे विशेषज्ञ डॉक्टर्स मरीज की परेशानी को समझ पाते हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेज में जांच ना करा कर प्राईवेट सेंटर जांच कराने के लिए कहा जाता है। सोनोग्राफी की जांच परेशानी मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी डॉक्टर नहीं होने का नुकसान सिटी स्केन के साथ सोनोग्राफी टेस्ट के लिए भी होता हैए यहां पर जांच होने पर उसकी रिपोर्टिंग नहीं आ पाती है। इसलिए वहां पर अधिकांश मरीज जांच नहीं कराते है और आसपास प्राईवेट डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच कराते हैं। वहां पर डेढ़ से दो हजार रुपए खर्च उठाना पड़ता है । डीन को हमने पॉवर दे रखा है, समय समय में विज्ञापन भी निकाल रहे हैए लेकिन वहां कोई भी डॉक्टर भर्ती के लिए नहीं आ रहा है। राज्य स्तर पर भी प्रयास किया जा रहा है, कोशिश में हम लगे हुए हैए इस साल पोस्ट ग्रेजुएशन से जो स्टूडेंट्स पासआउट होंगे। उन्हें हम सालभर के लिए रायगढ़ में पदस्थ करने के लिए कोशिश करेंगे। अभी आचार संहिता है, कही से भी हम डॉक्टर का ट्रांसफर नहीं कर सकते है।

# पंचायत कंगाल,कर्जेदार और ग्रामीण मचा रहे धमाल

■ तीन प्रधान गाँव में 15 वें वित्त की राशि अटकने से मूलभूत सुविधाओं से होना पड़ रहा वंचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/ डोंगरगाँव 7 अप्रैल।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व विधानसभा डाँगरगाँव क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मक्काटोला, मोतीपुर व खुबाटोला में अब तक 15 वें वित्त की राशि जारी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है । बताया जाता है कि इन गाँवों का परीसीमन नहीं होने की वजह से सरपंच चुनाव नहीं हो पाया व शासन स्तर पर पूर्व सरपंच पांच सालों के लिए प्रधान बना ग्रामीणों की सेवा में कार्य करने के दिशा निर्देश दे दिए गए। कोरोना काल के बाद कांग्रेस सरकार की महत्वकांक्षी योजना गोठांन निर्माण,वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य योजनाओ का पर कार्य करने जिला जनपद से निर्देश जारी किया गया जिसका इन ग्राम पंचायतों ने पालन करते कार्य पूर्ण किया परंतु निर्माण कार्य में लगी सामाग्री का भुगतान अब तक नहीं हो पाया जिसके चलते सामाग्री देने वाले दुकानदार सरपंचों का गला पकड़ रहे है वहीं दूसरी ओर गर्मी आते ही गाँव में पेयजल सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीण पंचायत में धमाल मचा रहे है जिससे सरपंच व पंच 15 वे वित्त की राशि नहीं दिए जाने का आरोप लगा कर्जेदारों व ग्रामीणों को समझा बुझा शांत करते नजर आ रहे है। पंचायत के कर्मचारी ने नाम प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि गाँव में पेयजल की आपूर्ति, साफ सफाई, निस्तारी तालाब में पानी भराई, स्कूल व आंगनबाड़ी में पेयजल आपूर्ति,कार्यालय रखरखाव, गोठान निर्माण व संचालन सहित लो वोल्टेज जैसी समस्याओं को लेकर जिला से लेकर राजधानी तक पक्ष विपक्ष के बड़े नेता सहित बड़े अधिकारियों से मुलाकात कर अवगत कराया गया व आश्वासन मिलने के बाद भी इसकी सुध लेने वाला कोई आगे नहीं आया व पांच सालों तक प्रधान बना सरपंचों व ग्रामीणों को टोपी पहना दी गई। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि इन ग्राम पंचायतों की 15 वे वित्त की राशि जिला पंचायत में अटकी पड़ी है व तात्कालिक शासन प्रशासन सहित जिला कलेक्टर के निर्देश पर देर सवेर पर जारी कर दी जायेगी। राशि कब तक जारी की जायेगी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इन पंचायतों के ग्राम प्रधानों के सामने ग्रामीणों की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए पंचायत फंड 15 वें वित्त की राशि जारी नहीं होने से गले में हड्डी अटकने जैसा हो गया है और ऐसा प्रतीत होता है कि इन ग्राम पंचायत के प्रधानों के सामने एक तरफ गड्ढा है तो दूसरी तरफ खाई।

### अपर कलेक्टर ने मतदान दलों की ट्रेंनिग का किया निरीक्षण

**रायगढ़, 7 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने सभी मतदान दलों को निर्वाचन कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, अतःनिर्वाचन के प्रत्येक प्रक्रिया की बेहतर जानकारी ले। साथ ही मतदान दिवस हेतु निर्धारित सभी प्रक्रिया में सतर्कता रखें, जिससे निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो सके। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रश्न अवश्य करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण मनोयोग से ट्रेनिंग प्राप्त करने को कहा। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रश्न भी पूछे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को आसान बनाने के लिए पूरे दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, इसका सभी लाभ लें और अधिक से अधिक मशीनों का हैंड्स ऑन प्रेक्टिस करें, ताकि आप सभी मशीनों से परिचित हो सके। इस दौरान उन्होंने मॉक पोल, मतदान दिवस के दिन सर्वप्रथम किए जाने वाले कार्य, मतदान समाप्ति पश्चात की प्रक्रिया, पर्ची प्रदान करने संबंधी जानकारी, सीआरसी, बैठक व्यवस्था, वेब कॉस्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अधिकरियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा।



**बीजापुर 7 अप्रैल।** 6 अप्रैल को प्रातः लगभग 5:30 बजे जिला बीजापुर के थाना उसूर क्षेत्रांतर्गत तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर डोलीगुट्टा के जंगलों में सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर घटना स्थल से 03 माओवादियों के शव एवं 01 एलएमजी, 01 एके-47 समेत कई हथियार बरामद किया गया है।

### प्रशिक्षण पर दें ध्यान, निर्वाचन कार्य है आसान:उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय

**रायगढ़, 7 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए देश में निर्वाचन संबंधी जानकारी आम जनता तक सरलता से पहुँचाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग प्रयासरत है। आयोग ने कई मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से से चुनाव के प्रक्रिया की जानकारी सभी मतदाताओं को पहुँचाने का काम किया है। वोटर हेल्पलाइन एप निर्वाचन से जुड़ी सभी जानकारी पाने के लिए उपयोगी है। इसी प्रकार मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट में भी जाकर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी जैसे मतदाता सूची में अपना नाम खोजना, मतदान केंद्र, मतदान तिथि व समय की जानकारी प्राप्त कर सकते है। मतदाता सूची में नाम- इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार-मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर 10 अप्रैल तक रजिस्टर कर सकते हैं। वोटर स्लिप डाउनलोड-ऐप से वोटिंग के लिए इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। चुनाव से जुड़ी जानकारी-ऐप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियांए रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं। मतदाता सूची में नाम कैसे खोजें-वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैंए इसके साथ ही इलेक्टोरल लिस्ट डाउनलोड भी कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए आपको एप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना है।

# भाजपा जिला कार्यालय में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 7 अप्रैल।** को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस जिला कार्यालय महासमुंद में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर विधानसभा के सहसंयोजक संदीप दीवान ने संबोधन में भाजपा के वरिष्ठजनों की भूमिका का उल्लेख किया। तत्पश्चाप वरिष्ठजनों का सम्मान महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। जिसमें माधवराव टांकसाले, परमानंद बजाज, फातिमा बेगम, नीलम दीवान, नागेंद्र गिरी, दुलारी बाई पटेल, सूर्य नारायण तिवारी, चंद्रिका चौबे, उर्मिला सोनवानी, पुष्पा साहू, व्यास नारायण शर्मा, रानी दान राठी, योगेश भाई सर्वैया, रमेश बंसल, उर्मिला साहू, अन्नपूर्णा साहू, राकेश चंद्राकर आदि शामिल है।

कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बबोधन में पार्टी की स्थापना के लिए वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया बलिदान को याद किया और उन्होंने बताया आज भी वरिष्ठ वो माली है, जिन्होंने बीजेपी रूपी बगीचे को सींचा है। लोकसभा चुनाव में लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी एवं समस्त संगठन के नेताओं को लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर तैयारी में जुट जाने के लिए आग्रह किया। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा द्वारा जन संघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के निर्माण तक लोगों के संघर्षों का पूरे विस्तार से व्याख्यान किया गया। जिले के महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी और स्थापना में संघर्षों के दिन को याद किया। विधानसभा के संयोजक चंद्रहास चंद्राकर ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए याद दिलाया कि हम दो थे और आज 303 पर है। सभा को मंडल अध्यक्ष सतपाल पाली ने स्थापना दिवस के अवसर पर बताया की कैसे पार्टी इन 44 साल में 18 करोड़ की सदस्यता के साथ विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में और केंद्र में 303 लोकसभा सीटों के साथ देश के की जनता के लिए मोदी कार्य कर रहे है। सभा को ऐतराम साहू, माधवराव टकसाले, अनिता रावटे, उर्मिला साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निरंजना शर्मा, पवन पटेल, सुधा साहू, राकेश श्रीवास्तव, सीता डांडेकर, सुरेखा कंवर, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, शुभ्रा शर्मा, हनीश बग्गा, महेंद्र सिक्का, उषा पाल, चुनेश्वरी साहू, राजेश्वरी तिवारी, सुनीता देवांगन, मनीष चतुर्वेदी, हिमांशु चंद्राकर, कौशल्या बंसल, वामन राव, मंगेश टांकसाले, बंसी साहू, अजय चोपड़ा, अरविंद प्रहरे, सोनाधार सोनवानी, राकेश पटवा, दिनेश बेहरा, यतिन राव, मोहन साहू, मनीष शर्मा, पलाश यादव, जतिन रूपरेला, भूपेंद्र देवांगन, नईम खान , नंदू जलक्षत्री, फगुआ पटेल , अमन वर्मा, रमेश साहू, रोमी गुरु दत्ता, घनाराम साहू, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, हेमंत तिवारी, हरबंश सिंह, अरुणा शुक्ला, सुमित जैन, किशन बरिहा समेत कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**एक नजर**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**तिल्दा-नेवरा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी तिल्दा नेवरा शहर मंडल ने संगठन का 45 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में भाजपा ध्वज का ध्वजारोहण किया, इसके बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष और तिल्दा नेवरा शहर भाजपा मंडल प्रभारी शिवशंकर वर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए। वरिष्ठ और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया, रैली निकाल कल भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में जाकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### तिल्दा-नेवरा में कांग्रेस के कुछ पार्षद आ सकते हैं भाजपा में

**तिल्दा-नेवरा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इस वक्त पूरे देश में काग्रेस को बाय बाय करने वालों का दौर चल रहा है और यह सिलसिला तिल्दा नेवरा में भी चल रहा है भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश में सरकार बनते ही धरसिवा बलौदा बाजार भाटापारा विधान सभा में हजारों काग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी में लोट आए है और अब अपनी जमीन नगर पालिका जनपद जिला पंचायत में शुरू कर दिए है। काग्रेस से आए लोग इस वक्त निष्ठा से पार्टी के काम में जुटे है लोक सभा चुनावों में पार्टी में आए कार्यकर्ता अब कमल के लिए चुनाव प्रचार कर रहे है छोटे छोटे गलियों वार्डो में ऐसे नेताओं पर लोग हंसते है क्योंकि हर बार नई पार्टी के लिय वोट मागते है तिल्दा नेवरा में कार्यकर्ता कम है लेकिन नेताओ की ज्यादा संख्या है। पिछले दिनों रायपुर लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का तिल्दा नेवरा आगमन था पूरे नगर में जगह जगह स्वागत हुआ।

### 13 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 259/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम जितेन्द्र भारद्वाज पिता इतवारी भारद्वाज 26 साल निवासी सुढेली थाना सिटी कोतवाली है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 6 अप्रैल को मुखबीर सूचना मिलने पर आरोपी जितेन्द्र भारद्वाज पिता इतवारी भारद्वाज 26 साल निवासी सुढेली थाना सिटी कोतवाली से अवैध 13 बल्क लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती ?2600 को जप्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### कोयदा में जुआ खेलते 4 लोग गिरफ्तार, साढ़े आठ हजार जब्त

**लवन, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लवन पुलिस ने जुआ फड़ पर छापा मारकर चार जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को थाना लवन से प्र0आर0 मुकेश दिवान, अजय अंचल आर0 अमीर राय, रवी सिदार, सुन्दर जाटवर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोयदा में 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते चार जुआड़ियो को रंगे हाथ पकड़ा गया एवं जुआड़ियों से कुल नगदी रकम ?8500 जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरुद्ध थाना लवन में अप.क 178/24 धारा 13 जुआ एक्ट, छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधि0 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है। आरोपियो क नाम फूलदास पटेल पिता रेशम लाल पटेल उम्र 36 साल निवासी ग्राम सिरीयाडीह थाना लवन, भरत मानिकपुरी पिता स्व. सुनहर उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क0 01 लवन, प्रेमप्रकाश साहू पिता बरातु राम उम्र 44 साल साकिन कोसला थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा, गंगाराम साहू पिता छेदीलाल साहू उम्र 59 वर्ष साकिन रिवापार थाना शिवरीनारायण जिला जाजगीर चांपा है।

# सेल्फी प्वॉइंट थीम पर आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर-एसपी

## नए और बुजुर्ग मतदाता सम्मानित, मतदान की ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल।** स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को जनपद पंचायत कसडोल के दूरस्थ वनांचल एवं पर्यटक ग्राम बारनवापारा में सेल्फी थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में कलेक्टर के. एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार शामिल होकर शतप्रतिशत मतदान का संदेश दिए। इस अवसर पर पहली बार मतदान करने जा रहे नए मतदाता एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित स्कूली



बच्चों, समूह की महिलाओं, अधिकारी- कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर चौहान ने कहा कि मतदान हमारा पहला दायित्व है उसके बाद अन्य कर्तव्य की बारी आती है। लोकतंत्र के इस महापर्व को धूमधाम से मनाना है और शत प्रतिशत मतदान काराना है। लोकतंत्र बीके इस महापर्व में एक एक वोट का महत्व है। इस एक वोट की ताकत से हम अपना प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते है। उन्होंने कहा कि मतदाता स्वयं मतदान करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। हर विद्यार्थी मतदान के दिन कम से कम 10 मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने कहा कि 7 मई को गांव -गांव, घर- घर में जो भी मतदाता मिले उसे मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान केंद्र तक ले जाने में मदद करें। इस बार के चुनाव में इस क्षेत्र से शतप्रतिशत मतदान हो इसका सभी को प्रयास करना है, सभी इसके लिए संकल्प लें। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति की। इसके साथ ही सीआरपी सुनीता साहू के द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डीएफओ मयंकअग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम बीआर ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, समूह की महिलाएं एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में माइक्रो आब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका : कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल.चौहान ने निर्वाचन में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौहान ने बताया कि समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान के दिन 18 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रेक्षक को देनी होगी। इसके अतिरिक्त माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान प्रतिशत की जानकारी भी कंट्रोल रूम को निरंतर देते रहेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर को आवंटित मतदान केंद्रों में संचालित निर्वाचन प्रक्रिया का अवलोकन करना होगा। उन्हें



मतदान के दिन मॉकपोल से लेकर मतदान समाप्ति तक पूरी सतर्कता से ऑब्जर्वेशन करना होगा और अपनी रिपोर्ट भी देना होगा। मतदान केंद्र पर सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के भ्रमण, फोर्स की व्यवस्था, मतदान केंद्र पर संभावित अराजक तत्वों पर पैनी नजर सहित सभी प्रकार की घटनाओं, हरकतों पर नजर रखने के अलावा किसी भी दशा में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराना है। उन्होंने कहा कि पोलिंग एजेंटों पर गहनता से नजर रखनी है जिला प्रशासन द्वारा मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों का चिन्हांकन करने के बाद मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनात की जाएगी। मतदान केंद्र में माइक्रो ऑब्जर्वर सुबह 6 बजे से उपस्थित रहेंगे तथा मतदान प्रक्रिया का निरंतर निरीक्षण करते रहेंगे।माकपोल सहित निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन हो रहा है या नही, मतदाताओं के रजिस्टर में मतदान अधिकारी द्वारा मतदाताओं के पहचान दस्तावेज का गहनता से लिखा जा रहा है कि नहीं इसका भी निरीक्षण समय समय पर करेंगे।

### पुलिस ने भाटापारा क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# अपचारी बालक सहित 6 पकड़ाए

## आरोपियों से 55 मोटरसाइकिल बरामद, गिरोह का सरगना निकला इंजीनियर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 अप्रैल।** पिछले कुछ समय से जिले में मोटरसाइकिल चोरी की बहुत सी घटनाएं घटित हो रही थी। इस संबंध में पुलिस द्वारा लगातार जांच कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास लगातार किया जा रहा था, लेकिन इन सब में एक विशेष बात यह सामने आ रही थी, कि इन चोरी का मोटरसाइकिल का उपयोग आखिर किया जा रहा है या नहीं। यह मोटरसाइकिल ना ही लावारिस बरामद हो रही थी और ना ही इन वाहनों को किसी अन्य वाहन चालक अथवा चोर द्वारा चलाते हुए देखा जा रहा था। यह सबसे बड़ा सवाल सबसे पहले सामने आ रहा था। कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को रोकने एवं इन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ हेतु अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं आशीष अरोरा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम गठित किया गया।

टीम द्वारा सर्वप्रथम मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं से संबंधित समस्त तथ्यों का गहन अवलोकन कर इनसे जुड़ी तकनीकी बिंदुओं पर जांच प्रारंभ किया गया। साथ ही सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर भी गिरोह का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा यह समझने का भी प्रयास किया जा रहा था कि, आखिर इन चोरी की मोटरसाइकिल को कहां खपाया जा रहा है और यह चोरी की मोटरसाइकिल जाते कहां है। कि इसी बीच निरीक्षक अमित



पाटले के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस को एक आरोपी के संबंध में पता चला, जो की मोटरसाइकिल बिक्री हेतु ग्राहक ढूंढ़ रहा था, जिसे चोरी के मोटर सायकल के साथ सीसीटीवी फुटेज में कई मौकों पर संदिग्ध रूप में देखा गया था। आरोपी को पकड़कर हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया है, जिसमें मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तथा चोरी के पश्चात इन वाहनों का फर्जी कागजात तैयार कर बिक्री करने वाले इस शातिर गिरोह के बारे में पता चला। आरोपी से पूछताछ एवं उससे प्राप्त जानकारी के माध्यम से कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए, गिरोह के 06 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ एवं घटनाओं से मिले तथ्यों के अनुसार भाटापारा क्षेत्र निवासरत इस चोर गिरोह के संबंध में जो जानकारी मिली है वह

वाहन चोरी का तरीका - चोर गिरोह के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम कॉलोनी, पार्किंग स्थल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि में पार्क वाहनों की चोरी की जाती थी। इन वाहनों का फर्जी कागजात तैयार करने तक इन्हें छुपा कर रखा जाता था, ताकि किसी को पता ना चल सके

Picsart App की सहायता से मोटरसाइकिल का फर्जी पेपर तैयार करना- चोरी करने के बाद इन मोटरसाइकिल का फर्जी पेपर तैयार करने का खेल प्रारंभ होता था। गिरोह के मुख्य आरोपी अमन खान द्वारा गूगल प्ले स्टोर में Picsart ऐप के जरिए, चोरी किये गए मोटरसाइकिल का फर्जी कागजात तैयार करने का काम करता था। इस ऐप की सहायता से फर्जी आरसी बुक एवं अन्य पेपर तैयार करता था, जो की हूबहू असली जैसे दिखते हैं। इसे किसी भी प्रकार से पहचान पाना बहुत ही मुश्किल होता था।

चॉइस सेंटर संचालक अब्दुल कादिर द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल का फर्जी कागजात तैयार कर मुख्य आरोपी अमन खान को उपलब्ध कराया जाता था। यह गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से काम करता था। यह लोग भारत चॉइस सेंटर भाटापारा के संचालक अब्दुल कादिर के माध्यम से Picsart मोबाईल ऐप से तैयार किए गए फर्जी तैयार आरसी बुक का प्रिंट कराकर नए ग्राहक को विश्वास में लेने के लिए स्टाम्प पेपर से नोटरी कराकर ग्राहकों को बिक्री करते थे, जिससे आम लोगो को उनके साथ फर्जीवाडा होने का अंदेशा भी नहीं रहता था।

उक्त गिरोह को पकडने मे निरीक्षक अमित पाटले सउनि ईश्वर टोप्पो, प्रधान आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, कृष्णा जांगडे, अजय साहू, तिलक चंद्रवंशी, धनंजय देवांगन, हरेन्द्र कोसरे का सराहनीय योगदान रहा। आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिसमें जिले में घटित मोटरसाइकिल चोरी की सिलसिलेवार कई अन्य घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है।

आरोपियों के नाम अमन खान पिता अब्दुल खान उम्र 26 साल पता भगत सिंह वार्ड भाटापारा शहर (इंजीनियर), सब्दर अली पिता सलीम उम्र 32 साल पता भगत सिंह वार्ड भाटापारा शहर, भानु टंडन पिता नेमी टंडन उम्र 19 साल पता महासती वार्ड भाटापारा शहर। , कमलेश ध्रुव पिता संतोष ध्रुव उम्र 26 साल पता भगत सिहं वार्ड भाटापारा शहर, अब्दुल कादिर पिता अब्दुल गफ्फार उम्र 30 साल पता भगत सिंह वार्ड भाटापारा शहर, अपचारी बालक है।

## आईपीएल में ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खेलते 6 गिरफ्तार, 7 मोबाइल जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 अप्रैल।** आरोपीयों को गजानंद कॉलेज के पास आईपीएल मैंच में ऑनलाइन सट्टा खेलते खिलाते हुए रंगे हाथों पकड़कर, 07 नग मोबाईल किया गया जप्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के ऑनलाईन सट्टा एवं सट्टा पटटी खेलने व खिलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम मे थाना भाटापारा शहर से उनि राधेलाल वर्मा, सउनि घनश्याम वर्मा प्र.आर. भुखन वर्मा, दिलीप टोप्पो, ईतवारी वर्मा की पुलिस टीम द्वारा गजानंद कालेज भाटापारा के पास आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा खेलने खिलाने वाले 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 07 नग मोबाईल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों के नाम अवधेश गुप्ता 30 साल साकिन शंकर वार्ड सत्यनारायण धर्मशाला के पास, चेतन शर्मा 32 साल साकिन संजय वार्ड लकडी टाल बस स्टैण्ड, यशवंत पाण्डेय 24 साल साकिन नयागंज वार्ड, अशुतोष दुबे 24 साल साकिन भुसानिया कालोनी खोलवा, विकास लहरे 22 साल साकिन नयागंज वार्ड, केशव यादव 24 साल साकिन नयागंज वार्ड भाटापारा है।

# पुलिस ने दो निगरानी और 6 गुंडों की फाइल खोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगातार छापामार अभियान भी चलाया जा रहा है। इसकी अतिरिक्त विभिन्न थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई लगातार जारी है।

इसी क्रम में दिनांक 04.04.2024 को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत लड़ाई-झगड़ा, विवाद, मारपीट आदि अपराधों में संलिप्त तथा इस प्रकार की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले कुल 06 लोगों के विरुद्ध गुंडा बदमाश की



फाइल खोली गई है। इसी के साथ संपत्ति संबंधी अपराधों की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले ग्राम सिंगारपुर निवासी 02 आरोपियों के विरुद्ध निगरानी बदमाश पंजी खोली गई है। विदित हो कि तीन या तीन से अधिक संपत्ति संबंधी जैसे चोरी नकबजनी आदि अपराध घटित करने वाले आरोपियों के लिए निगरानी पंजी खोली जाती है। ठीक उसी प्रकार तीन या तीन से अधिक मारपीट, झगड़ा, लड़ाई, विवाद आदि से संबंधित अपराधों में लिप्त रहने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर गुंडा बदमाश पंजी खोली जाती है। निगरानी एवं गुंडा बदमाश पंजी खुलने से इन सभी व्यक्तियों का संबंधित थानों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी। सिंगारपुर निवासी इन 02 आरोपियों को निगरानी पंजी के अधीन रखते हुए इनकी सतत चेकिंग करने से चोरी की घटनाओं को रोकने मे भी मदद मिलेगी।

**निगरानी बदमाश**

1 ऋतिक उर्फ केवल दास मानिकपुरी पिता मिलनदास उम्र 20 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण
2 रिपुसूदन उर्फ सोनू साहू पिता राम अवतार साहू उम्र 23 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण

**गुंडा बदमाश**

1 अनिल तिवारी पिता गोरेलाल उम्र 40 साल निवासी बजरंग चौक कसडोल थाना कसडोल
2 विशाल साहू पिता रमेश साहू उम्र 31 वर्ष निवासी पारस नगर कसडोल थाना कसडोल
3 धर्मराज वर्मा पिता पदुम वर्मा उम्र 23 साल निवासी ग्राम देवरी थाना भाटापारा ग्रामीण
4 देवेंद्र उर्फ रिंकू वर्मा पिता गंगा प्रसाद वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम देवरी थाना भाटापारा ग्रामीण
5 रमेश उर्फ बिहारी पिता पितांबर बंजारे उम्र 40 साल निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा
6 निखिल तिवारी उर्फवासु पिता रोहित तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी टीहूपारा सिमगा

## जिला व विखं मुख्यालयों में 8 अप्रैल को होगी मतदाता जागरूकता दौड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा के एल चौहान के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत अगामी 8 अप्रैल को मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का अयोजन एक साथ एक समय में जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड मुख्यालयों में होगा। दौड़ का आयोजन सुबह 6.30 बजे से होगा जिसमें जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं विकासखंड मुख्यालयों में सभी एडीएम शामिल होंगे। इसके साथ ही दौड़ में स्कूली छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय में दौड़ पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, गार्डन चौक, जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में ही समाप्त होगा। इसी तरह भाटापारा में विश्राम गृह से सिटी मॉल तक, सिमगा में सामुदायिक भवन/सांस्कृतिक भवन से तिल्दा फ्लाईओवर तक, कसडोल में स्वामी आत्मानंद स्कूल से बलार रोड चौक से पुनः स्कूल वापस, पलारी मेंस्वामी आत्मानंद स्कूल से बस स्टेंड से रेस्ट हॉउस से स्वामी आत्मानंद स्कूल वापस तक दौड़ का अयोजन होगा। कलेक्टर के एल चौहान ने सभी जिला वासियों से मतदाता जागरूकता दौड़ में शामिल होकर दौड़ को सफल बनाने की अपील की है।

### 2 शराब कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ढाकुर एवं निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 3 अप्रैल के रात्रि को थाना पलारी से निरीक्षक शशांक सिंह, प्रधान आरक्षक रोहित सिंह, रेशम मंडले, कमल केवर्त, आरक्षक त्रिलोकी बघेल, विष्णु खटकर, कमल कोशले, दिलीप गिलहरे की पुलिस टीम द्वारा खैरी खार के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 80, 000 कीमत मूल्य का 400 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 210/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। विदित हो कि ग्राम खैरी महुआ शराब बनाने के मामले में कुख्यात है। यहां के अधिकांश लोग चोरी-छिपे, ग्राम के आउटर क्षेत्रों, खेत, नहर के पार, तालाब पार आदि हिस्सों में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने का काम करते हैं। थाना पलारी पुलिस द्वारा लगातार इस ग्राम में शराब कोचियों की धरपकड़ भी जारी है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र......अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सरोज सोनवानी पत्ति मनोहरलाल सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम लिमतरा कास्तकार ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 15002/75 रकबा 0.0167 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा नक्शा की प्रति की संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 12/04/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा


### हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जाएगी प्रभातफेरी

# हिंदू राष्ट्र अभियान जल्द ही होने वाला है पूर्ण : निश्चलानंद सरस्वती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 अप्रैल।** 9 अप्रैल को हिंदू नव वर्ष संवत 2081 प्रारंभ होने जा रहा है इसके उपलक्ष्य में विगत दो वर्षों से पूरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के द्वारा बनाए गए संगठन धर्म-संघ, पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के द्वारा भव्य प्रभात फेरी राम सप्ताह चौक से संकीर्तन करते हुए निकाली जाती है. जो इस वर्ष भी 9 अप्रैल को सुबह 5:30 बजे राम नाम सप्ताह चौक से निकली जाएगी.. भाटापारा पीठपरिषद, आदित्य वहिनी के द्वारा विगत दो वर्षों से प्रत्येक एकादशी के दिन क्षेत्र के कल्याण, प्रत्येक जीव के कल्याण, गौ माता की सेवा और गौ हत्या बंद होने का संकल्प लेकर प्रभात फेरी निकाली जाती है।

पुरी शंकराचार्य ने आज से ढाई वर्ष पूर्व यह घोषणा की थी कि साढे तीन वर्ष में भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो जाएगा.. जिसमें मात्र 1 साल और शेष रह गए हैं. इसी बीच पुरी शंकराचार्य ने अपने होली में वृंदावन प्रवास मे पुनः यह घोषणा की है कि साढ़े तीन माह मे पूरे विश्व की स्थिति बदल जाएगी. पूरे विश्व को प्राकृतिक आपदाओ विश्व युद्ध गृह युद्ध महामारी भुखमरी जैसे हालातो का सामना करना पड़ेगा.उसके पश्चात भारत ही पूरे विश्व को दिशा निर्देश प्रदान करेगा और विश्व गुरु के रूप में ख्यापित होगा.

भारत में पुनः राजतंत्र की स्थापना होगी भाटापारा पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी क्षेत्र की सभी धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य करने वाले संगठनों, गौ सेवा समिति, गौ रक्षा संगठन, व्यापारी संगठन एवं अन्य सभी से यह अपील करता है कि क्षेत्र के कल्याण की भावना से, एवं वास्तविक हिंदू नव वर्ष का सभी लोगों को ज्ञान हो सके इसके लिए दिनांक 9 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 5:30 राम सप्ताह चौक में पहुंचकर प्रभात फेरी में शामिल होवे.



एक नजर

### चुनाव प्रचार में धार्मिक प्रतीकों का उपयोग, कांग्रेस ने की शिकायत

**रायपुर, 7 अप्रैल।** सोशल मीडिया और चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी की ओर से धार्मिक प्रतीकों का उपयोग करने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई ने अपने फेसबुक पेज पर आज 06 अप्रैल 2024 को एक कार्टून प्रकाशित किया है, इस कार्टून में राम मंदिर का जिक्र किया गया है, इनमें राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जी को लेकर धार्मिक टिप्पणियां की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा-125 तहत धार्मिक प्रतीकों व भावनाओं के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित करना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। कांग्रेस पार्टी की ओर से अनुरोध है कि, इस पर त्वरित कार्रवाई की जाये और कार्टून को हटवाकर भाजपा के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज किया जाये।

### शकुंतला फाउंडेशन के सहयोग से मरीज को मिला नवजीवन



**रायपुर, 7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में श्रमिक परिवार की अठारह वर्ष की आदिवासी युवती का चेकअप कराया गया था चिकित्सक ने आपरेशन की सलाह दी पर परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। मरीज के परिजनों ने संस्था से सहयोग के लिए कहा। संस्था ने रामकृष्ण केयर अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ संदीप दवे की उदारता से मरीज का सफलतापूर्वक आपरेशन कर मरीज को नवजीवन दिया। संस्था की फाउंडर स्मिता सिंह व सहयोगी डॉ अनुश्री पाठक ने दवे सर का आभार व्यक्त किया इसके पूर्व भी डाक्टर दवे सर द्वारा संस्था का हमेशा ही सहयोग कर अनेक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया। समाजसेवी अमर गुरनानी जी द्वारा अन्य सहयोग किया गया। परिजनों ने रामकृष्ण व संस्था को शुभकामनाएं दी।

# इन पत्थरों के शहर में जीना मुहाल है... हर शख्स कह रहा है मुझे देवता कहो...




देश में लोकसभा चुनाव शुरू हो चुके हैं,पहले चरण का मतदान 19 अप्रेल को होना है,10 साल से केंद्र में सत्ताधारी भाजपा 400 पार के दावे कर रहीं है तो विपक्षी गठबंधन के अपने दावे हैंवैसे अभी कुछलोस सीटों पर प्रत्याशी की भी घोषणा बाकी है। छ्ग में भाजपा सभी 11 लोस में जीतने का अभी से दावा कर रहा है, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस 3 से 4 सीटों पर अपनी जीत तय मान कर चल रहा है

### राहुल गाँधी के खिलाफ भाजपा का यह प्रत्याशी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड से लोक सभा चुनाव 2024 का नामांकन भरा है। उनके विरुद्ध सीपीआई ने एनी राजा तो भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेन्द्रन को प्रत्याशी बनाया है।चुनाव आयोग को दिये गये रिकॉर्ड के अनुसार,सुरेंद्रन के खिलाफकरीब 242 आपराधिक केस दर्ज हैं। इन 242 में से भी 237 केस तो सिर्फ सबरीमाला विवाद से जुड़े हैं। 5 केस अन्य मामलों में दर्ज हुये हैं। सुरेंद्रन सबरीमाला विवाद में गिरफ्तार भी हो चुके हैं।करीब एक महीना जेल में बिताया था।मई 2017 में वे मवेशियों की बिक्री पर केंद्र के प्रतिबंध का विरोध किया था।भाजपा के इस प्रत्याशी सुरेंद्रन पर 2021 में बसपा प्रत्याशी को उम्मीदवारी छोड़ने धमकाने और रिश्वत ऑफर करने का आरोप भी है।के सुरेंद्रन के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह है राजनीतिक केरियर में 8 बार चुनाव लड़ा, आठों बार चुनाव में हारे। वे 3 लोकसभा और 5 विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। इसके बावजूद भाजपा ने उन पर भरोसा जताकर उन्हें चौथी बार वायनाड से लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।



### रेल, बुजुर्गों की रियायत बंद को आय से जोड़ा...

पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं, भारत की 120 करोड़ जनता उनका परिवार है पर उनमें वृद्ध शायद शामिल नहीं हैं.. तभी तो उनके रेलमंत्री, बुजुर्गो की रेल रियायत समाप्ती से होने वाली आय को अतिरिक्त लाभ बता रहे हैंजेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का कहना है कि भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 20 23-24 में 2.56 लाख करोड़



रुपये का राजस्व दर्ज कयिा है, इधर एक आरटीआई से पता चला कि सीनियर सिटीजन्स को ट्रेन टिकट पर मलिने वाली छूट को बंद करने का फायदा रेलवे को हुआ,दरअसल कोरोना काल से पहले रेलवे की तरफसे वरष्ठि नागरकिों को ट्रेन टिकट लेने पर छूट दी जाती थी। कोरोनाकाल के दौरान इसे बंद कर दयिा गया, रेलवे ने छूट वापसी से करीब 5800 करोड़ की कमाई कर ली है।आरटी आई के तहत पूछे गए सवालों से पता चला कि ट्रेन किराये में सीनियर सिटीजन्स को दी जाने वाली रियायत वापस लेकर बुजुर्गों से 5,800 करोड़ से ज्यादा अतिरिक्त कमाया है।रेल मंत्रालय ने 20 मार्च 20 को कोविड-19 महा मारी के कारण देशभर में लॉक डाउन का ऐलान होने के साथ सीनयिर सटिीजन को ट्रेन किराये में दी जाने वाली छूट वापस ले ली थी।उस समय तक रेलवे की तरफसे महिलाओं को ट्रेन किराये में 50त्न पुरुष एवं ट्रांसजेंडर वर्ग के वरिष्ठ नाग रिकों को 40त्न की छूट दी जाती थीज्छूट को खत्म कयिे जाने से सीनियर सिटी जन्स को दूसरे यात्रयिों के बराबर किराया देना होता है।




### भूपेश बघेल की कुल सम्पत्ति 23 करोड़ रुपये...

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया है।इस नामांकन पत्र के साथ दिये गये शपथपत्र में उन्होंने 22 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति होने का विवरण दिया है। उनकी पत्नी के नाम पर लगभग 12 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

भूपेश बघेल ने अपने शपथपत्र में बताया है कि उनके पास लगभग 35 लाख रुपये की महिंद्रा अल्ट्रस कार है, सोने के जेवरात और बैंक खातों में जमा रकम मिलाकर एक करोड़ 30 लाख 56420 रुपए है। वही खेती की जमीन और अन्य भूखंड है जिनकी इस समय बाजार में अनुमानित कीमत 21 करोड़ 29 लाख 99219 रुपये है। इस तरह उनकी कुल संपत्ति 22 करोड़ 60 से ज्यादा की है।वहीं, भूपेश बघेल की पत्नी के बैंक खातों में जमा और वाहन आदि की कीमत मिलाकर दो करोड़ 79 लाख 62656 रुपये हैं। इसके अलावा, उनके नाम पर 8 करोड़ 99 लाख 5 हजार 83 रुपये मूल्य की जमीन आदि है।



### डॉ महंत के बिगड़े बोल और फिर सफाई...

पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के बाद चर्चा में आये नेता प्रतिपक्ष डॉ, चरणदास महंत पर सिया सत तेज हो गई है। पहले ही चरणदास महंत ने अपने बयान से पलटी खाते हुए कहा था कि मेरी भावनाओं को गलत बयानी कर ओछी राजनीति की आड़ में मेरी छत्तीसगढ़िया छवि और शीर्ष नेताओं के साथ संबंधों को खराब करने का काम न करें,नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास ने कहा कि संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे हैं। हिन्दी मुहावरा 'ठीकरा फोड़ना' मतलब जिम्मेदारी वहन करना होता है, जिसे छत्तीसगढ़ी में 'मुड़ फोड़ना' ही कहा जाता है।महंत ने कहा था कि पीएम मोदी का सिरफोड़ने वालाआदमी चाहिए,रात दिन तंग करके, चीन भेजने वाला आदमी चाहिए।सीएम विष्णुदेव साय ने महंत के बयान की निंदा की है।उन्होंने कहा है कि छग की जनता यह बर्दाश्त नहीं करेगी इसके साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी महंत पर निशाना साधा है।

### और अब बस...

» पूर्व नौकरशाह और वित्त मंत्री छ्ग की सभी 11लोस सीट भाजपा के जीतने की शर्त लगाने तैयार हैं
» एक कॉग्रेस के लोस प्रत्याशी अभी समय हैज्कहकर समर्थकों को लौटा रहे हैं
» वार्ड मेंबर का स्वयं चुनाव हारे एक भाजपा नेता आजकल छ्ग में 11लोस जीतने के टिप्स दें रहे हैं।

## ग्राउंड जीरो से अमरोहित ने पीएससी अभ्यर्थियों को दिए टिप्स



**रायपुर, 7 अप्रैल।** जहां आप और हम खड़े हैं, यह स्थान है, जवाहर बाजार, जो कभी फिलिप्स मार्केट कहलाता था। यह मोती बाग है, जो अंग्रेजों के जमाने में कंपनी गार्डन के नाम से जाना जाता था। दौ सौ से अधिक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं, और उनको उस स्थान विशेष के इतिहास, कला, संसकृति के बारे में बता रहे थे, डॉ. गीतेश अमरोहित। दृश्य था, रविवार को राजधानी रायपुर में आयोजित पीएससी की तैयारी ग्राउंड जीरो से कार्यक्रम का। विस्तार फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को स्थान विशेष के बारे में ग्राउंड जीरो में ही खड़े रहकर तैयारी करना था, जिससे युवा बेहतर तरीके से स्थान विशेष के इतिहास, कला और संस्कृति को समझ सके। स्थान विशेषों की जानकारी प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तकों के लेखक, छत्तीसगढ़ी भाषा विज्ञानी डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित ने विस्तार पूर्वक दी। सुबह पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर से इस यात्रा की शुरूवात हुई, जोकि संस्कृत महाविद्यालय, राजकुमार कॉलेज, ईदगाह भाठा, आनंद समाज वाचनालय, आजाद चौक, जयस्तंभ चौक, केसरे हिन्द दरवाजा, जवाहर बाजार, डे भवन, पहाड़ी मैना चौक, मोती बाग, घासीदास संग्रहालय, छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा चौक से होते हुए कलेक्टोरेट उद्यान में समाप्त हुई। इस यात्रा की समाप्ति पर शामिल अ॥यर्थियों को बुक और संबंधित नोट्स भी दिए गए। इस कार्यक्रम का खास बात यह था कि इसमें राजधानी रायपुर को जानने की इच्छा रखने वाले नागरिक भी शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की मांग पर बहुत जल्द इस शैक्षणिक यात्रा का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा।

## ओम ऑटोव्हील्स को राष्ट्रीय सम्मान

रायपुर, 7 अप्रैल। टाटा मोटर्स इंडिया लिमिटेड के अधिकृत डीलर ओम ऑटोव्हील्स को दो राष्ट्रीय से सम्मानित किया गया है। टाटा मोटर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा मुंबई मे आयोजित मिड ईयर कांफ्रेंस मे ओम ऑटोव्हील्स को हाईएस्ट वॉल्यूम ग्रोथ डीलर फॉर वेस्ट जोन के बेस्ट डीलर और बेस्ट डीलर फॉर फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम के अवार्ड नवाजा गया है। ओम ऑटोव्हील्स को यह विशेष अवार्ड टाटा मोटर्स के ट्रक्स एंड बस के बिज़नेस हेड श्री राजेश कॉल जी और टाटा मोटर्स के ट्रक एंड बस डिवीज़न के वेस्ट जोन के हेड ऋषि सूरी द्वारा डीलरशिप के डायरेक्टर श्री पुनीत पारवानी जी को प्रदान किया गया। ओम ऑटोव्हील्स अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से निरंतर ऐसे अवार्ड लगातार जीतते जा रहे है।



### वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी स्टोरेज के फीचर्स के बारे में बताया

**रायपुर, 7 अप्रैल।** सीसीटीवी एप्लीकेशंस के विकसित होते परिवेश में सिक्योरिटी के लिए पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा अन्य विभिन्न सेक्टर्स जैसे रिटेल मैनेजमेंट और परिवहन में भी स्मार्ट वीडियो का महत्व बढ़ा है। यूज़र-फ्रेंडली विकल्पों से लेकर आधुनिक आर्टफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) युक्त डिवाईसेज़ तक विभिन्न कैमरों की उपलब्धता के साथ भारत में सीसीटीवी बाजार के तेजी से विस्तार करते हुए 3.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2028 तक 8.43 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाने की संभावना है।




## ज्योतिष-आचार्यों के ज्ञान से आलोकित हुआ छत्तीसगढ़

**रायपुर, 7 अप्रैल।** रायपुर से लगे अमलेश्वर के किनारे बहती पावन पवित्र खारुन नदी देश के प्रख्यात ज्योतिष मनीषियों की सार्थक चर्चा की साक्षी बनी। श्रृंगी, वाल्मीकि, अत्रि, अगस्त्य, सुतीक्ष्ण और ऋषि माण्डुक्य की तपोभूमि देश भर से आए ज्योतिषियों वास्तुविद अंक ज्योतिष्यों और कर्मकांडी पंडित पुरोहितों के ज्ञान प्रवाह से महक उठी। छत्तीसगढ़ का पहला और विराट ज्योतिष सम्मेलन बेहद गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ।



रायपुर के अमलेश्वर स्थित श्री महाकाल धाम में देश-दुनिया में ज्योतिष शास्त्र को लेकर आयोजित इस महाचर्चा में शामिल होने के लिए डॉ गीता शर्मा, अनंतधर शर्मा, अजय सोनी, डॉक्टर महेंद्र ठाकुर, रमेश व्यास, देवेंद्र पांडे, डॉक्टर कल्पना झा, जेपी दुबे, अनिल श्रीवास्तव समय 10 लोगों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। इसके अलावा ज्योतिष मनीषी, ज्योतिष रत्न, विधि शिरोमणि, ज्योतिष शिरोमणि, वास्तु शिरोमणि जैसे सम्मान प्रदान किए गए। देशभर के विख्यात ज्योतिषी, वास्तु शास्त्री, अंक ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर, आचार्यों ने सम्मेलन में अपने अध्ययन शोध कार्य को लेकर व्याख्यान दिए। सम्मेलन में आने वाले ज्योतिष मनीषियों ने सम्मेलन में आने वाले लोगों की निःशुक्ल जन्म कुंडली बनाई। सम्मेलन के दौरान करीब साढे 500 से ज्यादा जन्म कुंडली निशुल्क बनाई गई।

## राजधानी में सर्वाइकल कैंसर पर राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से

**रायपुर, 7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ एम्स के सहयोग से इंडियन सोसाइटी ऑफ कोल्पोस्कोपी एंड सर्वाइकल पैथोलॉजी (आईएससीसीपी) का 16वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन 13 और 14 अप्रैल को रायपुर एम्स में आयोजित किया जाएगा। जो सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन डॉ. आशा जैन, डॉ. पुष्पावती ठाकुर डॉ अमित चौहान, डॉ अरुणा पी, डॉ राहुल सतारकर के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। स्त्री रोग विभाग, एम्स, पैथोलॉजी विभाग, एम्स और कैंसर प्रिवेंशन एंड रिलीफ सोसायटी ने इस कार्यक्रम को तैयार करने में सक्रिय भागीदारी दिखाई है।



उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार 2022 में लगभग 660,000 नए मामलों और लगभग 350,000 मौतों के साथ वैश्विक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है। यह राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण, गर्भाशय ग्रीवा जांच और उपचार सेवाओं और सामाजिक और आर्थिक निर्धारकों तक पहुंच की कमी से प्रेरित प्रमुख असमानताओं को दर्शाता है। सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के लगातार संक्रमण के कारण होता है। एचआईवी से पीड़ित महिलाओं में एचआईवी रहित महिलाओं की तुलना में सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना 6 गुना अधिक होती है। सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य पेशेवरों को अपने ज्ञान को अद्यतन करने और गर्भाशय ग्रीवा स्वास्थ्य में प्रगति करने के लिए आवश्यक प्रेरणा को प्रोत्साहित करने के लिए एकजुट करना है। यह चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए गर्भाशय ग्रीवा विकृति विज्ञान के क्षेत्र में रोगी देखभाल और परिणामों को बढ़ाने के लिए अंतर्दृष्टि, शोध निष्कर्ष और नैदानिक अनुभव साझा करने का एक अद्वितीय अवसर है। ISCCPCON की आयोजन अध्यक्ष डॉ. आशा जैन ने कहा, ÷Theme- अंतराल को पाटना, सर्वाइकल कैंसर को खत्म करना, के तहत, 2024 का राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को अद्यतन और प्रेरित करने का प्रयास करता है, बल्कि सर्वाइकल स्वास्थ्य के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास करता है।

ISCCPCON की आयोजन सचिव डॉ. पुष्पावती ठाकुर ने टिप्पणी की, इस वर्ष के सम्मेलन के एक महत्वपूर्ण आकर्षण में कोल्पोस्कोपी और सर्वाइकल पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और प्रगति में व्यावहारिक अनुभव और गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई तीन विशेष कार्यशालाएं शामिल हैं। डॉ. सरिता अग्रवाल ने आगे बताया इसके अतिरिक्त, सम्मेलन में 14 अप्रैल को स्क्रीनिंग और टीकाकरण पर एक सार्वजनिक मंच की सुविधा होगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26